Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 135 | रविवार, 18 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## ऑपरेशन सिंदूर पर बोले अमित शाह

# 'पाकिस्तान में 100 किमी अंदर घुसकर आतंकियों को मारा, एक्शन से दुनिया हैरान'

**गांधीनगर।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज गुजरात के दौरे पर रहे। गांधीनगर में अमित शाह ने 708 करोड़ रुपये लागत के विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर पर भी अपनी बातों को रखा और भारतीय सेना की सराहना की। गृहमंत्री ने यहां पर कहा कि भारतीय सेना ने पहली बार पाकिस्तान में 100 किलोमीटर भीतर आतंकियों के शिविरों को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि हमने 9 ऐसे स्थलों को नष्ट कर दिया जहां आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था और उनके ठिकाने थे। उन्होंने कहा कि जो लोग हमें धमकाते थे कि उनके पास परमाणु बम हैं, उन्हें लगता था कि हम डर जाएंगे। लेकिन, हमारी सेना, नौसेना और वायु सेना ने उन्हें ऐसा करारा जवाब दिया है कि पूरी दुनिया हमारी सेना के धैर्य और पीएम मोदी के दृढ़ नेतृत्व की प्रशंसा कर रही है। मैं हमारे सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करता हूं। गृहमंत्री शाह ने कहा यहां लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब पाकिस्तान ने पूरी पश्चिमी सीमा पर हमला करने का दुस्साहस किया, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी वायु रक्षा प्रणाली इतनी उत्तम हो गई है कि कोई भी मिसाइल या ड्रोन भारत की भूमि तक नहीं पहुंच पाया। उन्होंने कहा कि 100 से अधिक दुर्दांत आतंकवादियों को मारने के बाद भी पाकिस्तान सोच में ही था और हमने उनके 15 हवाई ठिकानों पर हमला किया, लेकिन हमने उनके लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया हमने उनकी हवाई हमले की क्षमता को नष्ट कर दिया।

इस कार्यक्रम में बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। जो लोग सियालकोट और अन्य आतंकवादी शिविरों में छिपे हुए थे, जिन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी गतिविधियों की योजना बनाई थी; 'उन सबको हमारे बम के धमाकों की गूंज ने एक स्पष्ट संदेश भेजा है' अगर भारत के लोगों के साथ कोई आतंकवादी गतिविधि होती है, तो जवाब दोगुनी ताकत से दिया जाएगा।



### आतंकियों को ठिकानों को भारतीय सेना ने किया नष्ट

गांधीनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर हमला किया और आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया।

# पहले भेजी डमी एयरक्रॉफ्ट फिर ब्रह्मोस से उड़ाया



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर में भारत के स्वदेशी आकाशतीर वायु रक्षा प्रणाली ने पाक के मिसाइल और ड्रोन हमलों को नाकाम किया। यह प्रणाली, शत्रु हमलों का पता लगाकर उन्हें नष्ट करती है।

भारतीय वायु सेना ने असली फाइटरों जेट की जगह डमी फाइटर जेट का इस्तेमाल किया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायु सेना ने दुश्मन के एयर डिफेंस कवच को तोड़ने की ऐसी नायाब तरकीब अपनाई, जिसे इस संघर्ष की बड़ी उपलब्धि के तौर पर हमेशा याद रखा जाएगा। पाकिस्तानी वायु सेना तो शायद ही उन यूएवी को भूल पाएगी, जो फाइटरों की तरह सीमा पर बढ़े थे और उन्हें मार गिराने की फिराक में उसने अपने राडार और एयर डिफेंस का वह नेटवर्क सार्वजनिक दिया, जिसे बड़े जतन से छिपाया हुआ था। ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किए जाने के बाद पाकिस्तान ने जवाब में भारत के 16 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए ड्रोन्स, यूएवी और मिसाइलें लॉन्च की भारत के थी। इसके अगले दिन पाक ने भारत 36 ठिकानों को लक्ष्य करते हुए निशाना बनाया तो जवाबी कार्रवाई में भारतीय वायु सेना ने 7-8 मई की रात को लाहौर समेत उसके 4 एडी राडार को सशस्त्र ड्रोन से हमला करके नष्ट कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर में भारत के स्वदेशी आकाशतीर वायु रक्षा प्रणाली ने पाक के मिसाइल और ड्रोन हमलों को नाकाम किया। यह प्रणाली, शत्रु हमलों का पता लगाकर उन्हें नष्ट करती है। भारतीय वायु सेना ने असली फाइटरों जेट की जगह डमी फाइटर जेट का इस्तेमाल किया। इसके लिए अनमैंड एरियल व्हीकल्स (यूएवी) का सहारा लिया गया। डीआरडीओ के लक्ष्य और ब्रिटिश वंशी यूएवी को जेट जैसा दिखाने के लिए वजनी बनाया गया। इनमें इंफ्रारेड सिग्नेचर जोड़ा गया ताकि पाकिस्तानी वायु सेना को लगे कि असली फाइटर आ रहे हैं।

> पाकिस्तान के मुरीद एयरबेस, सियालकोट, सरगोधा और रहीम यार खान के सामने इन डमी फाइटर जेट की उड़ान भेजी गई।

### अब चार हजार पूर्व सैनिक संभालेंगे घाटी में सुरक्षा की कमान




**जम्मू।** प्रदेश सरकार ने इससे संबंधित जम्मू-कश्मीर के सैनिक कल्याण बोर्ड के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जम्मू-कश्मीर के बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए अब पूर्व सैनिकों की भी सेवाएं ली जाएंगी। प्रदेश सरकार ने इससे संबंधित जम्मू-कश्मीर के सैनिक कल्याण बोर्ड के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। स्वीकृत योजना के अनुसार, इस पहल के लिए 4,000 पूर्व सैनिकों की पहचान की गई है। इनमें से 435 पूर्व सैनिकों के पास लाइसेंसी हथियार हैं, जो स्थानीय सुरक्षा स्थितियों का प्रभावी ढंग से जवाब देने की क्षमता रखते हैं। इन्हें राज्य के सभी 20 जिलों में बिजली स्टेशनों, पुलों, सरकारी प्रतिष्ठानों और अन्य संवेदनशील स्थानों सहित अहम बुनियादी ढांचे की सुरक्षा में तैनात किया जाएगा। यह पहल कोविड-19 के दौरान पिछली सफलता पर आधारित है, जब 2500 पूर्व सैनिकों ने प्रशासन का समर्थन करने के लिए स्वेच्छा से काम किया था।

### इंडोनेशिया में भूकंप, रिक्टर पैमाने पर 4.6 मापी गई तीव्रता




इंडोनेशिया के उत्तरी सुमात्रा क्षेत्र में रविवार तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 4.6 मापी गई। इंडोनेशिया के उत्तरी सुमात्रा क्षेत्र में रविवार तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (ठरउ) के मुताबिक रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.6 मापी गई। भूकंप के झटकों को लेकर नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) ने कहा कि 17-18 मई की दरम्यानी रात भारतीय समयानुसार करीब 2:50 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए।

# ऑपरेशन सिंदूर और विकास को एक साथ शोकेस करेगी मोदी सरकार, विपक्ष को जवाब देने की रणनीति तैयार



**नई दिल्ली।**

जातिवार जनगणना पर महीनों से चल रही सियासी कबड्डी के बीच ऑपरेशन सिंदूर ने फिलहाल तो देश और राजनीति का मूड-मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। यही कारण है कि भाजपा देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है तो कांग्रेस जय हिंद सभा करने जा रही है। इस बीच मोदी सरकार भी पूरी तरह तैयार है। वह विकसित भारत के संकल्प को लेकर अपनी सभी राज्यों के साथ एकजुट प्रतिबद्धता जताते हुए तमाम योजनाओं की प्रगति के सहारे विकास का शोकेस दिखाना चाहती है तो साथ ही ऑपरेशन सिंदूर के सार्थक परिणामों को विमर्श में लाकर राष्ट्रवाद की झांकी दिखाने का भी प्रयास है।

### ये लोग बैठक में हैं आमंत्रित

इस बैठक में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और सदस्य आमंत्रित हैं। एजेंडा अभी सार्वजनिक नहीं है, लेकिन बताया जा रहा है कि इसमें 2047 तक विकसित भारत बनाने के मोदी सरकार के संकल्प में राज्यों की साझा भूमिका सहित खास तौर पर ग्रामीण विकास की उपलब्धियों पर चर्चा संभावित है। इसके माध्यम से सरकार संदेश देगी कि सरकार सहकारी संघवाद के सिद्धांत पर चलते हुए देश के समग्र विकास के ध्येय पर चल रही है।

# आज ईओएस-09 उपग्रह को अंतरिक्ष में भेजेगा भारत

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।**


भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (करफड) आज ईओएस-09 उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा। अंतरिक्ष में इस उपग्रह को भेजने से सटीक तस्वीरें मिलेंगी, जिससे आपदा प्रबंधन आसान होगा। पीएसएलवी-सी61 के प्रक्षेपण की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। कृषि-वानिकी के लिहाज से इसरो का यह 101वां मिशन बेहद अहम है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) रॉकेट के माध्यम से अब से थोड़ी ही देर बाद पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस-09) को अंतरिक्ष में भेजेगा। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम लॉन्च पैड से सुबह पांच बजकर 59 मिनट पर यान को प्रक्षेपित किया जाएगा। इसके लिए प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी61 की उलटी गिनती शनिवार को शुरू हो गई थी। ईओएस-09 किसी भी मौसम परिस्थिति में पृथ्वी की सतह की उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें लेने में सक्षम है।

### 22 घंटे की उल्टी गिनती पूरी होने के बाद प्रक्षेपण

इसरो के मुताबिक प्रक्षेपण की 22 घंटे की उलटी गिनती शनिवार को सुबह सात बजकर 59 मिनट पर शुरू हुई। पीएसएलवी–सी61 भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी– इसरो का 101वां मिशन है। पीएसएलवी श्रेणी का यह 63वां मिशन है। इस पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस–09) से 24 घंटे सटीक और स्पष्ट तस्वीरें मिल सकेंगी।




# नहीं सुधरेगा पाकिस्तान, जमात-उद-दावा के मुख्यालय को फिर बनाएगी सरकार



**लाहौर।**

आतंकवाद को प्रश्रय देने वाला पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत जमात-उद-दावा के मुख्यालय समेत पाकिस्तान के नौ आतंकी अड्डों को ध्वस्त कर दिया था, लेकिन आतंकी संगठनों से पाकिस्तान का प्रेम कम होता नहीं दिख रहा।

अब पाकिस्तान सरकार मुरीदके में जमात-उद-दावा का मुख्यालय फिर बनाने जा रही है। मुरीदके, लाहौर से लगभग 40 किलोमीटर की दूर है। प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात-उद-दावा की राजनीतिक शाखा पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान सरकार ने मुरीदके स्थित जमात-उद-दावा के मुख्यालय का पुनर्निर्माण कराने का आश्वासन दिया है। जमात-उद-दावा के आतंकियों के जनाजे में भी पाकिस्तानी सेना, पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे। 1990 में अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में गठित लश्कर-ए-तैयबा जिसे जमात-उद-दावा के नाम से भी जाना जाता है। इस संगठन का सरगना हाफिज मुहम्मद सईद है। इसने भारत के कई हिस्सों में आतंकी हमले किए हैं, जिनमें 2008 का 26/11 मुंबई हमला भी शामिल है। भारत लगातार कहता रहा है कि पाकिस्तान आतंकियों का मददगार देश है। भारत ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) से पाकिस्तान को दी जाने वाली एक अरब अमेरिकी डॉलर की सहायता पर पुनर्विचार करने को कहा। आइएमएफ ने नौ मई को पाकिस्तान के लिए एक अरब डालर की किस्त को मंजूरी दी थी।

# मंगलसूत्र बांधते ही दूल्हे को हार्ट अटैक, तुरंत हो गई मौत



**नई दिल्ली।**

कर्नाटक के बागलकोट के जामखंडी कस्बे में शादी के एक समारोह में अचानक माहौल गमगीन हो गया। दरअसल दुल्हन के गले में मंगलसूत्र डालते हुए लड़के को दिल का दौरा आ गया।

एनडीटीवी ने शादी समारोह में मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से बताया कि मंगलसूत्र बांधने के कुछ ही मिनट बाद दूल्हे प्रवीण को सीने में दर्द हुआ और वह जमीन पर गिर पड़ा। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि माता-पिता दूल्हे को एक निजी अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने दुल्हे को मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मामले के अलावा फरवरी में मध्य प्रदेश में एक शादी के दौरान संगीत समारोह में प्रस्तुति देते समय 23 वर्षीय युवती को दिल का दौरा पड़ा और मंच पर ही उसकी मौत हो गई। पिछले साल दिसंबर में, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में अपने स्कूल में खेल प्रतियोगिता के लिए दौड़ने का अभ्यास करते समय एक 14 वर्षीय लड़के की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई।

### बारिश के कारण रद्द हुआ आरसीबी- केकेआर का मुकाबला



**नई दिल्ली।**

आईपीएल 2025 की शुरूआत मायूसी भरी रही। दरअसल, आरसीबी और केकेआर का मैच बारिश के कारण रद्द हो गया है। बेंगलुरु में लगातार बारिश के कारण टॉस भी नहीं हो पाया। ये मैच विशेष रूप से केकेआर के लिए बेहद अहम था क्योंकि वह प्लेऑफ से महज एक मैच दूर थी। 1 हफ्ते बाद फिर से शुरू हुए आईपीएल 2025 की शुरूआत मायूसी भरी रही। दरअसल, आरसीबी और केकेआर का मैच बारिश के कारण रद्द हो गया है। बेंगलुरु में लगातार बारिश के कारण टॉस भी नहीं हो पाया। ये मैच विशेष रूप से केकेआर के लिए बेहद अहम था क्योंकि वह प्लेऑफ से महज एक मैच दूर थी।

## संपादक की कलम से

# बेमानी है सुरक्षा परिषद

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से भी पाकिस्तान खाली हाथ लौटा। वह यह राहत महसूस कर रहा होगा कि सुरक्षा परिषद में उसके खिलाफ न तो बयान जारी किया गया और न ही कोई प्रस्ताव पारित किया गया। यह तसल्ली होगी कि कश्मीर का मुद्दा आज भी जिंदा है और उसका अंतरराष्ट्रीयकरण किया जा सकता है। पाकिस्तान के आग्रह पर ही सुरक्षा परिषद के मई महीने के अध्यक्ष यूनान ने बैठक जरूर बुलाई और वह भी बंद कमरे में आयोजित की गई, लेकिन सारांशतः वह बैठक बेमानी ही रही। सुरक्षा परिषद की ओर से न तो कोई बयान जारी किया गया और न ही कोई प्रस्ताव पारित किया गया। पाकिस्तान भी 15 सदस्यीय शक्तिशाली सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है। उसी लिहाज से भारत-पाक के तनाव और युद्ध सरीखे हालात के मद्देनजर बैठक बुलाई गई। पाकिस्तान से सख्त सवाल भी किए गए। उसके ह्यआतंकवादी चरित्रह्ल पर सवालों के साथ टिप्पणियां भी की गईं। यहां तक कहा गया कि पाकिस्तान ने युद्ध के हालात पैदा किए हैं। उसके मंत्रियों और फौजी जनरलों ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की बार-बार धमकियां भी दीं। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय परमाणु नियंत्रण नियमों से बंधा और प्रतिबद्ध है। तनाव की स्थितियों में ही पाकिस्तान ने दो मिसाइलों का परीक्षण कर युद्ध को भडकाने का काम किया है। धार्मिक आस्था के आधार पर पहलगाम नरसंहार की निंदा तो की गई, चिंता भी जताई गई, लेकिन पाकिस्तान और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के अंतसंर्बंधों पर सवाल पूछने के अलावा कुछ ठोस नहीं किया गया। यह सुरक्षा परिषद की गरिमा, शक्ति, विश्वसनीयता पर ही सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र का औचित्य ही क्या है? सुरक्षा परिषद में महाशक्तियां भी मौजूद थीं। उनमें से 13 देशों ने भारत की ह्यआतंकवाद के खिलाफ लड़ाईह्ल का भरपूर समर्थन किया है, लेकिन वे भारत की विनम्रता, शांतिप्रियता, क्षेत्रीय स्थिरता की दलीलें देते रहे। आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में 28 मासूम और बेकसूर सैलानियों का कत्लेआम कर दिया, उस पर पाकिस्तान और आतंकी संगठनों की जवाबदेही तय करने का निर्णय नहीं लिया गया। आखिर भारत कब तक ऐसे वहशियाना हमले स्वीकार और झेलता रहेगा? बैठक में उपदेश दिए जाते रहे कि भारत युद्ध न करे। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव गुटेरस ने कहा कि भारत-पाक का टकराव ह्यआउट ऑफ कंट्रोलह्ल हो सकता है। दोनों देश संयम बरतें और आपस में विवादों को सुलझाएं। गुटेरस की मध्यस्थता की पेशकश किसी भी देश ने स्वीकार नहीं की, लिहाजा उस पर भी कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया जा सका। यकीनन भारत और पाकिस्तान में युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। भारत ने कूटनीतिक, आर्थिक, समुद्री बंदरगाह संबंधी और सिंधु जल संधि के प्रतिबंध पाकिस्तान पर थोपे हैं, उसके बावजूद लड़ाकू विमानों की गर्जनाएं सुनाई दे रही हैं और 244 जिलों में ह्यमॉक ड्रिलह्ल के जरिए आम नागरिक को युद्ध के दौरान सुरक्षा के सबक सिखाए गए हैं। सवाल है कि सुरक्षा परिषद के सभी सदस्य-देश जानते हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद का ह्यछाया-युद्धह्ल बीते 30-35 सालों से भारत में जारी रखे है, लेकिन सुरक्षा परिषद बेजुबां और बेनतीजा रही है। क्या उसे बेमानी मान लिया जाए? युद्धों के कई उदाहरण हमारे सामने हैं। विध्वंस जारी हैं, मानवता के कत्लेआम किए जा रहे हैं, असंख्य लोग विस्थापित होकर शरणार्थी बन चुके हैं, भुखमरी के चौतरफा हालात हैं, लेकिन सुरक्षा परिषद कोई प्रभावशाली भूमिका नहीं निभा सकी है। अब भारत-पाक का तनाव सामने है। अब महाशक्तियों को सीमापार युद्ध को मान्यता देनी चाहिए।



ललित शर्मा
संपादक

## संजीव ठाकुर
## संजीव-नी।
### कविता



आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।

हर एहसास दिल में न दबा देना तुम,
होंठों से जरा तिरछा मुस्कुरा देना तुम्ह

ये तो दिल की लगी है, न घबराना,
आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।

नया नया रूप है तुम्हारे जीवन का,
न सम्भले तो बहक न जाना तुम।

आ जाओ जरा सूरज की रोशनी में,
भले रातों में चांदनी सा बन जाना तुम,

रातों के टिमटिमाते जुगनू हैं हम,
हमें राह दिखाता सितारा बन जाना तुम।

हमे देख छुपने की अदा बड़ी प्यारी,
सामने आओ तो, पलकें झुका देना तुम।

जज्बातों के एहसास पुराने हमारे,
दुनिया के लब्जों से टूट न जाना तुम।

बड़ी कोशिशों से दीदार होता है संजीव,
बीच राहों में अकेला न छोड़ जाना तुम।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।



# एडवेंचर्स के हैं शौकीन तो हिमाचल की इस लेक को करें एक्सप्लोर, ऐसे पहुंचे यहां

यहां पर बर्फ से ढके पहाड़ और खूबसूरत नजारे इस जगह की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं। अगर आप एडवेंचर लवर हैं, तो आपको यहां पहुंचकर काफी मजा आएगा। हालांकि यहां पर पहुंचना भी किसी एडवेंचर से कम नहीं है। आप में से अधिकतर लोग शिमला, मनाली, कसोल और कसौली जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर चुके होंगे। ऐसे में अगर आप भी हिमाचल प्रदेश की भीड़भाड़ वाली जगहों को छोड़कर सुकून और ऑफबीट प्लेसेस को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो स्पीति वैली की एक जगह आपके लिए परफेक्ट है। दरअसल, हम बात कर रहे हैं चंद्रताल लेक की। जिसको 'मून लेक' भी कहा जाता है। हिमाचल की स्पीति घाटी में 4,300 मीटर की ऊंचाई पर यह स्थित है। अगर आप नेचर के खूबसूरत और मनमोहक नजारों का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो चंद्रताल लेक आपके लिए बेस्ट है। यहां पर बर्फ से ढके पहाड़ और खूबसूरत नजारे इस जगह की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं। अगर आप एडवेंचर लवर हैं, तो आपको यहां पहुंचकर काफी मजा आएगा। हालांकि यहां पर पहुंचना भी किसी एडवेंचर से कम नहीं है।

> दरअसल, हम बात कर रहे हैं चंद्रताल लेक की। जिसको 'मून लेक' भी कहा जाता है। हिमाचल की स्पीति घाटी में 4,300 मीटर की ऊंचाई पर यह स्थित है। अगर आप नेचर के खूबसूरत और मनमोहक नजारों का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो चंद्रताल लेक आपके लिए बेस्ट है। यहां पर बर्फ से ढके पहाड़ और खूबसूरत नजारे इस जगह की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं। अगर आप एडवेंचर लवर हैं, तो आपको यहां पहुंचकर काफी मजा आएगा। हालांकि यहां पर पहुंचना भी किसी एडवेंचर से कम नहीं है

**ऐसे पहुंचे चंद्रताल लेकः** दिल्ली से चंद्रताल लेक तक बाय रोड दो रास्ते हैं। पहला रास्ता मनाली से और दूसरा रास्ता शिमला से होकर जाता है। ऐसे में आपको तय करना है कि आपको किस ओर से चंद्रताल लेक जाना है।

**ऐसे जाएं शिमला से चंद्रताल लेकः** यह रास्ता दिल्ली से शुरू होता है और नारकंडा की तरफ जाता है। यहां से फिर आप कल्पा जा सकते हैं और काजा और नाको की यात्रा कर सकते हैं। स्पीति घाटी में आप एक छोटा सा ब्रेक लेने के बाद चंद्रताल लेक की ओर जा सकते हैं। आप शिमला से किन्नौर तक और फिर स्पीति घाटी की ओर जा सकते हैं। स्पीति घाटी पहुंचने के बाद आप चंद्रताल लेक पहुंच सकते हैं।

**ऐसे जाएं मनाली से चंद्रताल लेकः** अगर आप चंद्रताल लेक के लिए छोटा रास्ता चाहते हैं, तो मनाली मार्ग आपके लिए सबसे अच्छा ऑप्शन है। वहीं अगर आप दिल्ली से जाने का प्लान कर रहे हैं, तो आप मंडी, रोहतांग ला, कुल्लू, ग्रैम्फू और बट्टल से होकर यहां तक पहुंचेंगे।

**मनाली से चंद्रतालः** मनाली और काजा के बीच सुबह-सुबह दो बसें चलती हैं। बस सुबह 04:30 बजे कुल्लू से चलती है और मनाली ले जाती है। यहां से काजा का टिकट मुश्किल से 250 रुपए प्रति व्यक्ति पड़ता है। एक बार जब आप शाम तक चंद्रताल डायवर्जन पॉइंट पर उतर जाते हैं, तो यहां से अपना रास्ता हाइकिंग के जरिए पूरा कर सकते हैं।

**शिमला से चंद्रतालः** शिमला से चंद्रताल के लिए दो नॉन एसी बसें हैं, जो शिमला से रिकांग पियो तक जाती हैं। रिकांग पियो जाने पर काजा पहुंचें और सुबह 07:00 बजे एचआरटीसी बस में बैठें। काजा से मनाली के लिए बस से सफर करें और चंद्रताल झील मोड़ पॉइंट पर उतरें। यहां से आप हाइकिंग के माध्यम से चंद्रताल लेक पहुंच सकते हैं।

**चंद्रताल झील घूमने का सही समयः** चंद्रताल झील घूमने का सही समय जून से सितंबर के बीच होता है। अगर आप सर्दियों के मौसम में यहां पर ट्रिप प्लान कर रहे हैं, तो यह सही समय नहीं है। क्योंकि यहां पर बर्फ से सड़कें जाम रहती हैं। वहीं मई के महीने में बर्फ साफ होने लगती है। यहां पर जून से सितंबर तक सड़क खुली रहती हैं और मौसम सुहावना रहता है।

# आईएमएफ ऋण मिलते ही पाक के सुर बदले, कहा बिगर न्यूक्लियर बम के भी भारत को रोकने की क्षमता है व युद्ध विराम 18 मई 2025 तक है



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर भारत सहित पूरी दुनियाँ की निगाहें भारत पाक तनातनी या युद्ध विराम,फिर सीमा पर जारी गोलीबारी, तथा नेताओं की बयानबाजी पर लगी हुई है। इधर भारतीय रक्षामंत्री ने 15 मई को कश्मीर सैनिकों के साथ फिर 16 मई 2025 को गुजरात भुज में एयर फोर्स स्टेशन पर इन दोनों दौरों में आईएमएफ द्वारा पाक के लिए ऋण सेंशन करने की टाइमिंग पर सवाल उठाए व कहा कि क्या आईएमएफ द्वारा पाक को आतंकवाद को वित्त पोषित करने में मदद की जा रही है, उन्होंने मदद पर पुनर्विचार करने की अपील आईएमएफ से की तथा आतंकवाद के हर रूप स्वरूप को समाप्त करने की भी बात कही, तथा कहा कि आईएमएफ द्वारा प्राप्त वित्त से ध्वस्त किए गए आतंकवादियों के इंफ्रास्ट्रक्चर फिर से खड़े करने की संभावना है, आगे कहा कि हमारी लड़ाई सिर्फ एक टेलर थी, जरूरत पड़ी तो आगे पूरी तस्वीर दिखाएंगे। तो उधर इस बात का पाक के विदेश मंत्रालय ने तुरंत जवाब दिया, मंत्रालय के बयान में कहा गया, ये गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियां पारंपरिक तरीकों से भारतीय आक्रमण के खिलाफ पाकिस्तान की प्रभावी रक्षा और प्रतिरोध के बारे में उनकी गहरी असुरक्षा और हताशा को दशार्ती हैं। पाकिस्तान की पारंपरिक क्षमताएं भारत को रोकने के लिए काफी हैं, बिना किसी सेल्फ इंपोज्ड 'न्यूक्लियर ब्लैकमेल' के, जिससे नई दिल्ली पीड़ितहै और कहा कि युद्ध ग्राम 18 मई 2025 तक है। यानें हम देख सकते हैं कि आईएमएफ का ऋण पाक को 14 मई 2025 को मिल चुका है, तो उसके तेवर ही बदल गए हैं यानें अपने कर्ज को चुकाने व आतंकवाद को फिर से पोषित करने की ताकत वित्त के रूप में फिर उन्हें मिली है अब सवाल उठता है कि इतनी बड़ी राशि यानी 1.023 बिलियन अमेरिकी डॉलर की मंजूरी आईएमएफ ने कैसे की और डिलीवरी भी दे दी। मेरा मानना है कि बिना अमेरिका की सहमति से यह बिल्कुल ही नहीं हो सकता? मेरा मानना है कि अमेरिका इसी एक तीर से अनेकों निशाने लगाने की कोशिश कर रहा है, पाक की चीन पर निर्भरता कम करना, चीन को ग्वादरपोर्ट से लेकर चीन पाकिस्तान इकोनामिक कॉरिडोर के कर्ज के पैसे दिलाना तथा कि चीन से बढ़ती यारी और कर दे भारत को दर किनार वाली नीति तो नहीं, क्योंकि भारत जिस तेजी से बुलंदियों के झंडे गाढ़ रहा है उसे विश्व हैरान है।चूँकि आईएमएफ ऋण मिलते ही पाक के सुर बदले और कहा बगैर न्यूक्लियर बम के ही भारत को रोकने में सक्षम है तथा युद्ध विराम 18 मई तक है तथा अमेरिकी दबदबे वाला आईएमएफ पाक पर इतना मेहरबान क्यों? क्या अमेरिका चीन साथ-साथ, वित्त पोषण से फिर सिर उठाएगा आतंकवाद, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत का आईएमएफ को दो टूक संदेश,पाक को फंड देने पर पुनर्विचार करें, क्योंकि है आतंकवाद को वित्त पोषण करने की संभावना का सही अनुमान है।




साथियों बात अगर हम दिनांक 15 व16 मई 2025 को माननीय रक्षामंत्री द्वारा आईएमएफ को ऋण पर पुनर्विचार की अपील की करें तो उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमफ) से पाक को मिलने वाली मदद पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पाक इस पैसे का इस्तेमाल आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर सकता है। उन्होंने यह बात गुजरात के भुज एयर फोर्स स्टेशन से कही। उन्होंने दुनियाँ से पाक को आर्थिक मदद रोकने की अपील की है। आईएमफ ने हाल ही में पाकिस्तान को सहायता के तौर पर 1.023 बिलियन अमेरिकी डॉलर की दूसरी किश्त दी है।रक्षा मंत्री ने कहा कि पाक को आईएमफ से जो पैसामिलेगा उसका बड़ा हिस्सा वह अपने देश में आतंकवाद के ढांचे को मजबूत करने में लगाएगा। उन्होंने भारत की तरफ से आईएमफ से यह अपील की है कि वह पाकिस्तान को आर्थिक मदद देने पर फिर से विचार करे। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि पाकिस्तान को आईएमफ से जो पैसा मिलेगा, उसका बड़ा हिस्सा वो अपने देश में आतंकवाद फैलाने वाले ढांचे को मजबूत करने में लगाएगा। मेरा मानना कि पाकिस्तान इस पैसे का गलत इस्तेमाल करेगा। पाकिस्तान आईएमफ के बेलआउट पैकेज पर बहुत ही ज्यादा निर्भर है। इस पैकेज से उसे अपने घटते विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने में मदद मिली है। पिछले साल पाकिस्तान दिवालिया होने की कगार पर था, तब आईएमफ ने उसे 3 बिलियन डॉलर की मदद देकर बचाया था। आईएमफ की वेबसाइट के अनुसार,पाक को सदस्य बनने के बादसे अब तक कम सेकम 25 बेलआउट लोन मिल चुके हैं। इस साल अप्रैल के अंत में पाक का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। अगस्त 2024 में यह 9.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। अनुमान है कि जून 2025 के अंत तक यह 13.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच पाएगा।आईएमफ ने पाक से कहा है कि वह अपनी जीडीपी का 1.6 प्रतिशत प्राथमिक बजट अधिशेष मानकर बजट बनाए। इसके लिए उसे गैर-ब्याज खर्चों के अलावा लगभग 2 ट्रिलियन रुपये जुटाने होंगे। इसका मतलब है कि पाकिस्तान को अपनी आमदनी बढ़ानी होगी और खर्च कम करने होंगे। अभी पाकिस्तान की स्थिति ये है कि कर्ज चुकाने के लिए उसे कर्ज लेना पड़ रहा है।आईएमफ की सहायता पाकिस्तान के लिए अप्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद को बढ़ावा देती है,पाक अपनी जमीन पर आतंकवादी समूहों को शरण देता है और उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करता है। ऐसे में आईएमफ द्वारा दी गई सहायता को आतंकवादियों को मदद देने जैसा माना जाता है। उनका यह बयान पाकिस्तान के खिलाफ भारत के बढ़ते गुस्से और चिंताओं को दशार्ता है, जो लंबे समय से पाक के आतंकी सरगनाओं के समर्थन के खिलाफ हैं।उन्होंने इस वित्तीय सहायता को आतंकवाद को अप्रत्यक्ष समर्थन देने जैसा करार दिया है। साथियों बात अगर हम भारतीय रक्षामंत्री के बयान का तुरंत जवाब पाक विदेश मंत्रालय द्वारा देने की करें तो भारत और पाक के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने नया बयान जारी करते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच 18 मई तक सीजफायर पर सहमति बनी है। यह अस्थायी युद्धविराम नियंत्रण रेखा पर जारी गोलीबारी को रोकने के उद्देश्य से लागू किया गया है, हालांकि भारत की ओर से इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से जारी तनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है, भारत की कार्रवाई से पाक की ओर से कहा गया है भारत से रविवार यानी 18 मई तक सीजफायर पर सहमति बनी है, ट्रंप के सीजफायर वाले ऐलान से पहले बीते कुछ हफ्तों से नियंत्रण रेखा पर लगातार हो रही गोलीबारी और ड्रोन हमलों के बीच यह सीजफायर फैसला एक अस्थायी राहत की तरह देखा जा रहा है।हालांकि अभी तक भारत की ओर से इस सहमति पर औपचारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# बाल अधिकारों एवं बाल सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय संवेदीकरण व जन जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर**,गोविन्द मेहता,उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बाल अधिकारों एवं बाल सुरक्षा के संबंध में एक दिवसीय संवेदीकरण व जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ ।जहाँ मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी ने आयोग की अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया ।कार्यशाला को संबोधित करते हुए बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने कहा कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग सरकार का एक सांविधिक निकाय है, जिसका गठन बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा 17 के तहत 10 मई 2011 को किया गया था। उन्होंने कहा कि आयोग का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों को अधिनियमों और संविधान में प्रदत्त अधिकारों का अनुपालन सुनिश्चित करवाना और उनका प्रभावी क्रियान्वयन करना है। डॉ. खन्ना ने जोर देते हुए कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य सभी संबंधित विभागों और हितधारकों को बाल अधिकार संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास, समाज कल्याण, प्रोबेशन, चाइल्ड हेल्पलाइन, श्रम विभाग, जेजेबी, सीडब्ल्यूसी सहित सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य करने को किया। उन्होंने बच्चों के खिलाफ हिंसा, घरेलू हिंसा, बाल श्रम, दुर्व्यवहार, प्रताड़ना, शोषण, बाल विवाह और भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, शिक्षा के अधिकार के तहत सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने और नशा मुक्ति कार्यक्रम चलाकर नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने तथा समय-समय पर बच्चों व उनके अभिभावकों की काउंसलिंग करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी जानकारी के लिए आयोग अथवा उनके सदस्यों से कभी भी संपर्क किया जा सकता है और विद्यालयों में काउंसलिंग की व्यवस्था होनी चाहिए ।आयोग अध्यक्ष ने बच्चों से सीधा संवाद करते हुए उनके विभिन्न सवालों के जवाब दिए। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि खेल हमें जीवन जीने की कई सीख देते हैं। उन्होंने बच्चों को अपनी बातों को दोस्तों के साथ साझा करने की सलाह दी, जिससे डिजिटल और मेंटल वॉर से बचा जा सके। उन्होंने बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति भी जागरूक रहने को कहा।



# पत्रकारो के हितो की रक्षा के लिए एनयूजेआई तत्पर: जिला अध्यक्ष प्रयागराज

**वेलकम इंडिया**



नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे) प्रयागराज की नयी कार्यकारिणी (2025) की प्रथम मासिक बैठक सिविल लाइंस स्थित डायट सभागार में सम्पन्न हुई। आज की बैठक संरक्षक पवन दिवेदी तथा संरक्षक परवेज आलम के देखरेख मे सम्पन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने किया तथा संचालन संगठन मंत्री अखिलेश शुक्ला ने किया ।बैठक की शुरूआत मे संगठन के संरक्षक पवन दिवेदी तथा संरक्षक परवेजआलम ने संयुकत रूप से संगठन के 40 पदाधिकारियो तथा सदस्यो को संगठन के परिचय वितरित किया । बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने कहाँ कि संगठन पत्रकार हितो की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहता है और रहेगा। बैठक में पत्रकारों के हितों, सुरक्षा, अधिकारों तथा संस्थागत मजबूती को लेकर गंभीर चर्चा की गई। वक्ताओं ने वर्तमान समय में मीडिया की भूमिका, चुनौतियों और समाधान के उपायों पर भी विचार साझा किया। इस अवसर पर संगठन की ओर से सदस्यों को संगठनात्मक दिशा-निर्देशों की जानकारी भी दी गई। बैठक में संगठन के अन्य पदाधिकारी, वरिष्ठ पत्रकार एवं नए सदस्य भी मौजूद रहे। संरक्षक पवन दिवेदी संरक्षक परवेज आलम तथा अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने सभी सदस्यों से संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने का आह्वान किया। संरक्षक, पवन द्विवेदी संरक्षक परवेज आलम जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव अखिलेश शुक्ला मनीष दिवेदी , बीके यादव, डॉ सुधाकर पान्डेय चित्रांशी यादव राम बाबू मनोज कुमार, गौरव त्रिपाठी, देवशीष श्रीवास्तव, मोहम्मद नसीम, अशरफ अली, मधुर दरबारी, शीतला प्रसाद, तिवारी शिव कुमार पान्डेय नफीस अहमद, रंजीत निषाद, आयुष श्रीवास्तव, अनूप रावत वीरेंदर श्रीवास्तव,धर्मेंद्रं कुमार श्रीवास्तव इरफान खान शनि केसरी बृजेद्रं कुमार सिंह जितेद्रं कुमार सिंह इरफान खान, शनिवार केसरी, अजय सिंह, सैमा शाहिदा आदि रहे।

# मुकदमे से नाम निकलवाने के नाम पर युवक से की दो लाख रुपए की ठगी, एसएसपी से की शिकायत

**वेलकम इंडिया**

**औरंगाबाद**। क्षेत्र के गांव बालका निवासी एक युवक के खिलाफ थाना औरंगाबाद में दर्ज मुकदमे से नाम निकलवाने के नाम पर उक्त युवक से गांव के एक युवक द्वारा दो लाख रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवक ने एसएसपी को शिकायत पत्र देकर आरोपित के खिलाफ कठोर कार्रवाई कराने की मांग की है। एसएसपी ने तत्काल औरंगाबाद पुलिस को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। गांव बालका निवासी वाहिद पुत्र हाजी ने एसएसपी को दिये गये शिकायत पत्र में बताया कि पाटीर्वादी के चलते थाना औरंगाबाद में एक मुकदमे में मेरा नाम लिखवा दिया था। उसी मुकदमे से नाम निकलवाने के नाम पर गांव के ही फजलू उर्फ गफलवा ने दो लाख रुपए की ठगी कर ली थी। जबकि उक्त मुकदमे में कोर्ट से जमानत करानी पड़ी थी। फजलू से पैंसों का तगादा किया तो उसने मेरे साथ गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। पैंसों का दुबारा तगादा करने पर आरोपित युवक ने जान से मारने की धमकी दी है।ठगी करने वाला आरोपित दबंग किस्म का व्यक्ति है।जिसमें एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए औरंगाबाद पुलिस को तत्काल मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। एसओ औरंगाबाद वरुण शर्मा ने बताया है कि मामला उनके संज्ञान में नही है ।

# क्रीड़ा भारती ने जूनियर ग्रुप खेल प्रतियोगिता का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/पिलखुवा क्रीड़ा भारती द्वारा मौहल्ला मंडी स्थित परिषदीय विद्यालय नंबर 1 मे जूनियर ग्रुप कैरम और लूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लूडो और कैरम प्रतियोगिता में नगर क्षेत्र के चार विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग लिया। कैरम प्रतियोगिता में घनश्याम ने जीत हासिल की तो वहीं लूडो प्रतियोगिता में वैष्णवी ने मारी बाजी। आयोजित प्रतियोगिता कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि नगर क्षेत्र के चार परिषदीय विद्यालयों के वैष्णवी, कौशिक,आदेश, हेमंत, कैफ, घनश्याम, दीपक,छात्र छात्राओं के




बीच जोड़ी बनाकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वैष्णवी ने लूडो में कौशिक को हराकर विजेता बनी कैरम में घनश्याम ने हेमंत को हराकर विजय हासिल की है। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक सुधीर गोयल ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से बच्चों को शारीरिक और मानसिक विकास होता है वरुण शर्मा सभासद ने कहा कि क्रीड़ा भारती द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज शर्मा ने संस्था द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराने पर आभार व्यक्त किया। और सुधीर गोयल ,सुरभि, शालिनी अग्रवाल, नीलम गर्ग, वरुण शर्मा ,राजेंद्र सिंह राठी ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए इस मौके पर हिमांशी, मनीष कुमार, पंकज कुमार शर्मा रीना रानी ,जतिन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विश्व ब्राह्मण संघ यूपी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा का हुआ स्वागत



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

**हापुड़:** विश्व ब्राह्मण संघ जिला हापुड़ यूपी के पदाधिकारियों ने प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा का ब्राह्मण समाज के लिए उत्कर्ष कार्यो को देखकर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया ! प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा के ब्राह्मण समाज के बीच पहुचने पर लोगों में उत्साह साफ देखाई दे रहा था ! इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण शिरोमणि स्व पंडित मांगेराम शर्मा ने कहा था कि जो ब्राह्मणों का सम्मान करेगा वही देश पर राज करेगा ! इस अवसर पर गौरव शर्मा लोकेश शर्मा सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे !

# अरविंद पुरी में नाला सफाई रोकने का प्रयास, आपस में भिड़े , मौके पर पहुंची सदर पुलिस



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ**। शनिवार को अरविंद पुरी में नाला सफाई अभियान के अंतर्गत सफाई कर्मचारी को रोकने का प्रयास किया गया जिसको लेकर मौहल्ला वासी आपस में भिड़ गए सुचना पर मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस जानकारी मिली कि अरविन्द पुरी में नाले-नालियां चौक की मौहल्ला वासीयों की मांग पर कैंट बोर्ड द्वारा विशेष अभियान के अंतर्गत अधिकतर कोठीयो होटलों व अन्य संस्थानों की जद में आये नाले ढक दिए गए हैं नालों की सफाई में काफी दिक्कतें आ रही है जिसमें लोगों की सहमति से नालों के उपर डाले गए लैटर कैंट बोर्ड द्वारा जेबीसी लगा कर तोड़े जा रहे है लेकिन आज विद्युत विभाग के सामने कोठी मालिक ने लैटर तोड़ने से मना कर दिया तथा इस कार्रवाई का जमकर विरोध किया ऐसा लोगों का आरोप है बात इतनी बढ़ गई कि पुलिस को बुलाना पड़ा। हालांकि कोठी मालिक नरेश जैन ने बताया कैंट बोर्ड अफसरों के द्वारा जैसा कहा गया उन्होंने नाला सफाई में सहयोग किया लेकिन कुछ लोग उनका पुरा लैटर तुड़वाने चहाते है उन्होंने कार पार्किंग से जुडा मामला बताया। वहीं लोगों ने बताया इनके अलावा सभी इस कार्रवाई में सहयोग दें रहे हैं।

# एसपी के आदेश पर दबंग पूर्व प्रधान के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव कावी में दबंग पूर्व प्रधान के द्वारा जमीनी विवाद को लेकर दलित समाज के तेजवीर पुत्र पतराम जाटव के परिवार के साथ जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट करने के मामले को लेकर एसपी के आदेश पर विभिन्न धाराओं में पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज।

आपको बता दें कि पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव कावी में पूर्व दबंग प्रधान उदयवीर पुत्र धूम सिंह के द्वारा जमीनी विवाद को लेकर 9 अप्रैल की रात्रि में दलित समाज के तेजवीर पुत्र पतराम जाटव परिवार के हरीश, चंद्रपाल, पुत्र रामकिशन, गुड्डी पत्नी हरीश के साथ दलित समाज के लोगों को जाति सूचक शब्दों के साथ मारपीट की गई थी। जिसमें दर्जनों की संख्या में एकत्रित होकर दलित समाज के लोग अपनी फरियाद लेकर पहले कोतवाली पिलखुवा पहुंचे। लेकिन कोतवाली पुलिस के द्वारा सुनवाई नहीं करने पर दलित समाज के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार के साथ एसपी कार्यालय पहुंचा। और शिकायती पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई थी। जिस पर एसपी ने तत्काल प्रभाव से संज्ञान लिया। और पिलखुवा पुलिस को मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिस पर पुलिस ने दबंग प्रधान के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।



# रामायण कालीन प्राचीन कुंआ पाटने का आरोप लगाया



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ**। भारत सरकार में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार नदी, कुएं व तालाब पर अतिक्रमण को गंभीरता से लेकर संबंधित लोगों पर शिकंजा कस रही है, वहीं दूसरी तरफ मेरठ कैंट में सदर थाने के पीछे स्थित रामायण कालीन कुएं को पाटने/ बंद करवाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है, कैंट बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश गोयल एवं जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गणेश दत्त शर्मा ने इस संबंध में कैंट क्षेत्र स्थित शनिवार को एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता की। बताया गया कि कुछ विपक्षियों द्वारा उस कुएं को कुड़ा डाल कर बंद कर दिया गया है जिसमें रावण की पत्नी मंदोदरी प्रतिदिन पूजा करने के लिए आया करती थी गौरतलब है कि श्री बिलेश्वर नाथ मंदिर प्राचीन काल की अमूल्य धरोहर में से एक है पुरातत्व विभाग के अभिलेखों में भी इसका उल्लेख मिलता है। उक्त पदाधिकारियों ने कहा कि उनके द्वारा एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) राष्ट्रीय हरित अधिकरण को अपीलकर्ता द्वारा सम्पूर्ण प्रकरण से अवगत कराया गया जिसमें 25 पक्षों को नोटिस जारी किया गया है जिसकी आगामी सुनवाई 1 अगस्त 2025 नियत की गई है प्रकरण में चीफ सेक्रेटरी उत्तर प्रदेश जिला मेरठ जिलाधिकारी को भी संबोधित तय तिथि पर जवाब देने को कहा गया है। इनके अतिरिक्त बारह अन्य आरोपित किए गए लोगों को भी नोटिस देकर जवाब मांगा गया है।

# मंडलायुक्त,डीएम, एसपी की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस संपन्न तीनो तहसीलो में 108 शिकायतें आई 27 का मौके पर कराया गया निस्तारण



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठपत्रकार**

हापुड़/मंडल आयुक्त मेरठ एवं जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें गढ़मुक्तेश्वर तहसील दिवस में कुल 60 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से प्राथमिकता के आधार पर डीएम एसपी के द्वारा 20 शिकायतो का मौके पर अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया गया। और संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं ।उनका निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही तहसीलदार हापुड़ को निर्देश दिए कि तहसील दिवस में जो भी शिकायत प्राप्त हुई हैं ।उनमें स्वयं मौके पर जाकर जांच करें ।जांच के उपरांत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। और यह भी निर्देश दिए कि शिकायत के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाये। वही जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने तहसील दिवस में उपस्थित अन्यअधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील दिवस में जो भी शिकायत प्राप्त हो रही हैं। उनका आगामी तहसील दिवस से पूर्व निस्तारण करना सुनिश्चित करें ।जिससे उन समस्याओं को बार-बार न दोहराया जाए इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, उप जिलाधिकारी साक्षी शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील त्यागी, तहसीलदार गढ़, पुलिस क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।इसी क्रम में धौलाना तहसील दिवस की अध्यक्षता करते हुए अपर जिला अधिकारी संदीप कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए तहसील में आई शिकायतो का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं प्राथमिकता के आधार पर करें ।अपर जिला अधिकारी के समक्ष तहसील दिवस में 23 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमे से 02 का निस्तारण कराया गया। और मेरठ मंडल आयुक्त द्वारा हापुड़ तहसील की अध्यक्षता करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतो को सुना गया। हापुड़ तहसील दिवस में 25 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें 05 का निस्तारण मौके पर कराते हुए तहसील समाधान दिवस को सकुशल संपन्न कराया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में मेंहदावल तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार ने मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्व निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जा कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने अथवा सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने को गम्भीरता से लेते हुए जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये, सभी लाभार्थीपरक योजनाएं जैसे- वृद्धावस्था पेंशन, निर्विवाद वरासत और कागजात दुरूस्ती आदि के मामल को तत्काल सुलझाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये।

मेंहदावल तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 81 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 11 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों में निस्तारण मे विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाय साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाय।

कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा किया गया। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारी/थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीडितों को न्याय मिले। पुलिस अधिकारीगण प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार त्वरित कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 रामानुज कन्नौजिया, उप जिलाधिकारी संजीव राय, तहसीलदार मेंहदावल अल्पिका वर्मा सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग से सम्बंधित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

इसी क्रम में खलीलाबाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने विभिन्न मामलों से सम्बंधित फरियादियों को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया, उन्होंने कहा कि मामलों के निस्तारण में स्थलीय जांच एवं अन्य कार्यवाही आदि के दौरान अधिकारीगण शिकायतकर्ता के साथ अच्छा व्यवहार करें तथा दोनो पक्षों की पूरी बात को सुनने के उपरान्त ही प्रकरण का निस्तारण करें।

सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं पुलिस से सम्बंधि तमामले की सुनवाई अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार द्वारा की गयी। उन्होंने समस्त पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सभी शिकायती प्रकरणों का तत्काल संज्ञान लेते हुए पूर्ण निषक्षता के साथ कार्यवाही की जाए। राजस्व से सम्बंधित मामलों में सम्बंधित राजस्व अधिकारी/कर्मचारी के साथ उभय पक्षों की उपस्थिति मे मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिलना चाहिए।

तहसील खलीलाबाद में कुल 69 प्रार्थना पत्र आये, जिसे सम्बंधित विभागीय अधिकारियो को अपर जिलाधिकारी द्वारा इस निर्देश के साथ हस्थातरित किया गया कि अबिलम्ब शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए मौके का निरीक्षण का प्रकरण का निस्तारण कराया जाए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर शैलेश दूबे, तहसीलदार आनन्द कुमार ओझा, नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी सहित तहसील से सम्बंधित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में धनघटा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न मामलों से सम्बंधित एक-एक कर फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिये।

तहसील धनघटा में कुल 43 प्रार्थना पत्र आये, जिसमें 03 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने शेष 40 प्रकरणों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को अबिलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धनघटा अरूण कुमार, तहसीलदार योगेन्द्र कुमार पाण्डेय, नायब तहसीलदार हरेराम यादव सहित तहसील से सम्बंधित राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

## क्राइम कंट्रोल अभियान के क्रम में सिविल लाइन चौकी टीम द्वारा चेकिंग




**वेलकम इंडिया**

क्राइम कंट्रोल के अभियान के क्रम में थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सिविल लाइन चौकी की टीम द्वारा मेट्रो मॉल के अंडरपास पर चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें संदिग्ध बाइकों को रोक कर पूछताछ की गई व यातायात नियमों के पालन न करने वालों का चालान भी किया गया। इस चेकिंग के दौरान सिविल लाइन चौकी इंचार्ज यशपाल और सब इंस्पेक्टर राहुल टीम के साथ मौजूद रहे। चेकिंग के दौरान रोके गए वाहन चालकों में कुछ बिना हेलमेट के ड्राइव कर रहे थे तो कुछ पर वाहन के कागजात नहीं थे। जिनका मौके पर चालान किया गया। सिविल लाइन चौकी इंचार्ज यशपाल ने बताया कि यह चेकिंग क्राइम कंट्रोल करने के लिए लगातार इस तरह की चेकिंग की जाती है ।जिससे क्राइम करने वाले लोगों पर नजर रहती है और क्राइम करने से पहले ही उनको पकड़ लिया जाता है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग समय पर इस तरह की चेकिंग की जाती है। रात में भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पेट्रोलिंग की जाती है।

## बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया: रेड रोज ग्रुप ऑफ स्कूल्स


**वेलकम इंडिया**




**लखनऊ।** रेड रोज ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने हाल ही में बोर्ड परीक्षाओं में असाधारण प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए एक शानदार सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह गर्व और उपलब्धि का जीवंत प्रदर्शन था। इसमें उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ता और अध्ययनशीलता के लिए सराहा गया। सम्मान समारोह में श्रेष्ठ उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया, जिसमें न केवल उनके परिणामों को बल्कि उनके अनुशासन और दृढ़संकल्प को भी मान्यता दी गई जिसने उन्हें सफलता की ओर अग्रसर किया। इस अवसर पर कक्षा 12 की छात्रा शांभवी शुक्ला ने जिला टॉपर का स्थान प्राप्त कर संस्थान को और अधिक प्रतिष्ठा दिलाई। उनकी इस उपलब्धि ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को और अधिक प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक आर०सी०मिश्रा, प्रबंध निदेशक डॉ० प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं अध्यक्षा स्मिता मिश्रा ने छात्रों को व्यक्तिगत रूप से बधाई दी। उनके प्रोत्साहन भरे शब्दों और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता ने उपस्थित सभी छात्रों को प्रेरित किया। समारोह ने न केवल विद्यार्थियों की उपलब्धियों को मनाया बल्कि उन्हें भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। रेड रोज ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने एक बार फिर साबित किया कि वह अपने विद्यार्थियों को उत्कृष्टता की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## शादी से लौटते समय मोटरसाइकिल सवार पर लाठी डंडो से हमला

**वेलकम इंडिया**




**जहांगीराबाद।** नगर में एक युवक व दो दोस्तों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता सुरेंद्र शर्मा ने कोतवाली में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी तहरीर में बताया गया है कि मारपीट की घटना 29 अप्रैल 2025 की देर रात्रि तकरीबन 12:30 की है। जब सुरेंद्र शर्मा का बेटा आदेश अपने दो दोस्तों हरीश व प्रशांत के साथ एक शादी समारोह से वापस लौट रहा था व अपने दोस्त हरीश को उसके गांव भईपुर छोड़ने जा रहा था तभी नवीन अनाज मंडी के समीप हनुमान मंदिर के ठीक सामने एक मारुती वैगन आर गाड़ी आकर रुकी। कार में सवार तुषार, नितिन व एक अज्ञात ने गाड़ी से उतरते ही मोटरसाइकिल सवार तीनों दोस्तों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि तुषार ने सड़क से एक पत्थर उठाकर मोटरसाइकिल पर भी दे मारा जिससे मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मारपीट करने के बाद आरोपी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मारपीट की पूरी घटना वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसका वीडियो पीड़ित के पास मौजूद है। आदेश और हरीश को गंभीर चोटें आने के कारण शिकायत दर्ज कराने में देरी हुई। आरोपियों में तुषार और नितिन हापुड के रहने वाले हैं। कोतवाली प्रभारी रामफल सिंह ने बताया है कि पीड़ित पक्ष द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जाँच शुरू कर दी गई है।

## वॉलीबॉल मैच में छाये सरोजिनी सदन के छात्र , दर्शकों ने जमकर बजाई तालियां

**वेलकम इंडिया**



**हांसी ।मनमोहन शर्मा।** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। इसमें नौवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया।

यह प्रतियोगिता विद्यालय के चारों सदनों सुभाष सदन, सरोजिनी सदन, गार्गी सदन, विवेकानंद सदन के छात्रों के बीच आयोजित की गई। प्रत्येक सदन से 6 विद्यार्थियों ने भाग लिया इस प्रतियोगिता में सरोजिनी सदन से अनुज, हेमंत, मोहित, भविष्य, सक्षम व दीपेन प्रथम स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का कार्यभार उप प्राचार्य महेंद्र सिंह ने अपने निर्देशन में संभाला व पीटीआई अध्यापिका मनीषा, सीटीओ देवांश मलिक व रेनू मित्तल के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या ऋतु सिंह ने ट्राफी देकर विजेता टीम को सम्मानित किया।

## भागवत कथा सुनने से सारे पाप नष्ट हो जाते हैं बृजनंदन तिवारी

**वेलकम इंडिया**



**अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा नरेंद्रभादे में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास बृजनंदन तिवारी ने अपने मुंह मुखार बिंदु से कालिया नाग की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने पृथ्वी को पापों से मुक्त करने के लिए तृणावर्त आधार सर्वकासुर आधी रातों का उद्धार किया और कालिका नाथ जो यमुना में निवास करता था कालिका नामक कुंड निवास स्थान बना रखा था उसके बिष के प्रभाव सेयमुना का जल दूषित हो गया था एक बार जब गोचरण करते हुए भगवान कृष्ण और ग्वाल बालों की गायेने यमुना का जल पी लिया जिससे वह अचेतहो गई तब भगवान गेंद खेलने के बहाने उसे कुंड यमुना में कूद गए और कालिया नाथ का मार्ग मर्दन किया भागवत कथा का सरवनकरता है उसके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं इस पावन अवसर पर संत कुमार दुबे पवन कुमार पाठक दिशा शास्त्री और समस्त ग्राम वासी सैकड़ो की संख्या में मौजूद रहे।

## बारातियों की गुंडागर्दी: झुग्गी में रह रही लड़की से की छेड़छाड़

**वेलकम इंडिया/ चरन सिंह**

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के डोहरा रोड पर रहने वाले एक गरीब परिवार के साथ गुरुवार रात बारात में शामिल युवकों ने मारपीट की। आरोप है कि पीड़िता की भतीजी दुकान बंद कर रही थी, तभी कुछ युवक दुकान पर आए और मच्छरदानी का रेट पूछने लगे। रेट बताने पर युवती के साथ अभद्रता की। पीड़ित ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ सड़क किनारे झुग्गी डालकर रहता है और मच्छरदानी व अन्य सामान बेचकर गुजारा करता है। गुरुवार की रात करीब 10:20 बजे उसकी भतीजी दुकान बंद कर रही थी, तभी एक बारात वहां से गुजर रही थी। बारात में शामिल 8-10 युवक दुकान पर आकर मच्छरदानी के दाम पूछने लगे। जब लड़की ने दाम बताया तो युवकों ने अभद्र टिप्पणी और अश्लील इशारे किए। शोर सुनकर पीड़ित और उसका बेटा व पत्नी मौके पर आए और इसका विरोध किया तो युवक भड़क गए, और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान पीड़ित और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर आस-पास के लोग दौड़े और किसी तरह बचाव किया।

## एमआईईटी मेरठ में 1156 विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में मिली डिग्रियां

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**




**मेरठ।** मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में शनिवार को भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ से संबद्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 1156 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें ए.के.टी.यू. के कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे, टेक्निकल एजुकेशन वेस्ट जोन के संयुक्त निदेशक मोहम्मद साबिर, रीजनल हायर एजुकेशन की संयुक्त निदेशक डॉ. मोनिका सिंह, संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह, आकांक्षा अग्रवाल एवं रजिस्ट्रार शिवपूजन सिंह ने सहभागिता की। खालसा इंटर कॉलेज, थापर नगर, मेरठ के छात्रों द्वारा प्रस्तुत बैंकपाइप बैंड की आकर्षक प्रस्तुति ने समारोह की शुरूआत को भावपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण ने कुलपति को एआईसीटीई आइडिया लैब में छात्रों द्वारा तैयार श्रीराम मंदिर की 3डी प्रतिमा भेंट की। वहीं, कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने संस्थान की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दीक्षांत समारोह में बीटेक के 791, बी.फार्मा के 73, एमबीए के 166, एमसीए के 97, एम.टेक के 8 और एम.फार्मा के 21 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। विभिन्न पाठ्यक्रमों के शीर्ष तीन विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया। झलक जैन (बीटेक - कंप्यूटर साइंस डाटा साइंस) को विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर चांसलर अवॉर्ड और गोल्ड मेडल,निकिता सिंह (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन) को यूनिवर्सिटी टॉपर बनने पर गोल्ड मेडल, शिवा चौधरी (एम.टेक - कंप्यूटर साइंस) को सिल्वर मेडल,हर्ष चौहान (बीटेक) को नवाचार क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए स्टार्टअप इनोवेशन अवॉर्ड प्रदान किया गया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे ने छात्रों से आत्मविकास, निर्णय क्षमता और तकनीकी दक्षता को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के प्रथम श्लोक का उल्लेख करते हुए छात्रों को जीवन की चुनौतियों से साहसपूर्वक निपटने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, ह्लआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब तीसरे चरण में प्रवेश कर चुका है, जहां यह खुद को स्वतः अपडेट कर सकता है। यदि समय रहते हमने इसे नहीं अपनाया, तो यह मानवीय भूमिकाओं की जगह ले सकता है। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी की पहचान को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मजबूती से स्थापित करने में एमआईईटी मेरठ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। मेरठ में स्थित सात से अधिक विश्वविद्यालयों के बीच भी एमआईईटी ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखते हुए शैक्षिक गुणवत्ता, तकनीकी नवाचार, इन्क्यूबेशन, और स्टार्टअप कल्चर के समावेश से ऐसा शिक्षा-औद्योगिक इकोसिस्टम तैयार किया है, जो अकादमिक व औद्योगिक क्षेत्रों के बीच सशक्त सेतु का कार्य कर रहा है।

## पुष्पांजलि वृंदावन में पुलिस प्रशासन द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

**वेलकम इंडिया**



**वृन्दावन।** पुष्पांजलि, फेस-1 में ऑपरेशन जागृति फेस-4 के अंतर्गत ऑपरेशन जागृति के बिंदु महिलाओं को साइबर क्राइम के खतरों के प्रति जागृत करना, एक्स्ट्रा मेरिटल अफेयर्स, नशा मुक्ति के संबंध में जागृत किया गया। पुलिस प्रशासन की ओर से एंटी रोमियो स्क्वायड की जिला प्रभारी एस.आई. अलका रानी ने महिलाओं, बच्चियों व समस्त क्षेत्र वासियों के प्रिवेंशन ऑफ सीक्वेंस हारासमेंट के बारे में एवं मिशन शक्ति नारी सुरक्षा तथा नारी सम्मान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए समस्त कानून एक्ट और सहायता हेल्पलाइन के बारे में बताया। इसके अलावा सभी अपराधों, साइबर फ्रॉड और मोबाइल लिंक के द्वारा होने वाले अपराधों से बचाव के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर साध्वी मीरा शास्त्री , कृष्णानंद गिरी, एस.आई. कुलवीर सिंह, एस.आई. संगीता चौधरी, कांस्टेबल अनुज प्रताप, कांस्टेबल अनामिका, कांस्टेबल रिंकी आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# थाना में जब कोई शिकायतकर्ता आता हैं तो उसे सन्तुष्ट करना पुलिस कर्मियों का फर्ज : एसपी अमित यशवर्धन

वेलकम इंडिया



**हांसी** ।पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन ने अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें उप पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ, सभी थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज व अपराध यूनिट प्रभारी, आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी, प्रवाचक पुलिस अधीक्षक, प्रभारी सुरक्षा शाखा शामिल रहे। शिकायते महत्वपूर्ण है, शिकायतों पर कार्रवाई से आमजन का पुलिस पर बढ़ता है विश्वास पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन ने सभी उप पुलिस अधीक्षकों, थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हम सब की जिम्मेवारी है कि पुलिस के पास आने वाला शिकायतकर्ता पुलिस द्वारा उसकी शिकायत पर की गई कार्रवाई से संतुष्ट हो। शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई करने से आमजन में पुलिस कार्रवाई के प्रति संतुष्टि बढ़ती है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी थाना प्रबंधक प्रतिदिन शाम को थाने व चौकी में आने वाली शिकायतों को देखे कि उन पर कोई कार्रवाई हुई या नहीं। प्रतिदिन थाना और चौकी में आने वाली शिकायतों की निगरानी कर समयावधि में उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करें और उसमें शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करें। थाना या चौकी में आने वाले शिकायतकर्ता के साथ सभ्य व्यवहार करें साथ ही उनके द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें। समीक्षा गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थानों में शिकायतकर्ता को शिकायत प्राप्ति व ऋकफ दर्ज होने पर भी शिकायतकर्ता को रसीद अवश्य दे अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।शिकायत में शिकायतकर्ता का सटीक मोबाइल नंबर अंकित करें ताकि दुरुस्त फीडबैक लिया जा सके। वाहन चोरी और गुमशुदगी की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें।पासपोर्ट वेरिफिकेशन समयबद्ध हो।सुरक्षित वाहन नीति के तहत स्कूल वाहनों की समय-समय पर फिटनेस चेक करें पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस 24 घंटे काम करती है। आप सभी अपनी पब्लिक डीलिंग दुरुस्त करे। नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालो पर कार्रवाई कर नशीले पदार्थों की बरामदगी करें सुनिश्चित पुलिस अधीक्षक ने सभी क्राइम यूनिट, थाना और चौकी प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में आमजन को जागरूक कर नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालो पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कर आरोपियों को गिरफ्तार करे। ड्रग पैडलर की हिस्ट्री की पहचान कर उन पर नजर रख प्रभावी कार्रवाई करेगें और नशीले पदार्थों की रिकवरी होने पर अभियोग में आखरी कड़ी तक जांच करें।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर दिया गया विशेष संदेश - डॉ मधु गुप्ता

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली**।शनिवार 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के मौके पर अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्योंकि उच्च रक्तचाप इस समय की एक गंभीर समस्या है जो हमारे हृदय, किडनी और अन्य अंगों को नुकसान पहुंचा सकती है।इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मधु गुप्ता द्वारा एक कहानी के माध्यम से उपस्थित लोगों को बताया गया कि कुछ समय पहले ही एक छोटे से गाँव में रामू नाम का एक व्यक्ति रहता था। वह बहुत स्वस्थ था, लेकिन एक दिन उसे पता चला कि उसका रक्तचाप बढ़ गया है। रामू इस समस्या को लेकर डॉक्टर के पास गया जब डॉक्टर ने रामू को उच्च रक्तचाप से निजाद पाने के लिए कुछ सलाह दी तो रामू ने डॉक्टर की सलाह मानी और अपनी जीवनशैली में बदलाव करना प्रारंभ कर दिया। वह नियमित रूप से व्यायाम करने लगा, स्वस्थ भोजन करने लगा और तनाव कम करने के लिए योगाभ्यास करने लगा।धीरे-धीरे रामू का रक्तचाप नियंत्रित हो गया और वह स्वस्थ महसूस करने लगा।इस कहानी के बाद डॉ मधु गुप्ता ने बताया कि मैं भी अपने मरीजों को रामू का उदाहरण देकर समझाती हूं कि कैसे जीवनशैली में बदलाव करके उच्च रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्च रक्तचाप की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें रजनी वर्मा (जेएसआई), हिर्देश कुमार, मनमोहन और सरिता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा, यूएचएनडी सत्र में एएनएम रजनी रामलली और सरस्वती ने भी उच्च रक्तचाप की स्क्रीनिंग की।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम और एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली**। शनिवार को तहसील मीरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी बरेली और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।दोनों अधिकारियों ने समस्याओं के त्वरित और उचित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस, राजस्व विभाग और प्रशासन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।एसएसपी ने विशेष रूप से भूमि विवाद से जुड़े मामलों पर जोर देते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर क्षेत्र की जनता की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया गया।

# रुनकता से बलदेव जाने के लिए रेणुकाधाम यमुना नदी पर बन रहे पुल को 18 महीने में पूरा करने के निर्देश

वेलकम इंडिया



आगरा राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंडल में पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक सर्किट हाउस में संपन्न हुई।बैठक में मंत्री ने बताया कि विधायकों, जनप्रतिनिधियों द्वारा सड़कों के दिए विभिन्न प्रस्तावों को विभाग की कार्य योजना में शामिल कर लिया गया है, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना( सीएमजीएसवाई ) के बारे में निर्देशित किया कि सभी 150 की आबादी वाले गांवों, मजरों को मुख्य सड़कों से जोड़ा जा रहा है. अधिकारी, सभी जनप्रतिनिधियों से इस हेतु प्रस्ताव प्राप्त कर कार्योजना में शामिल कर 1 जुलाई तक सभी तैयारी पूर्ण कर लें. बरसात के मौसम के बाद माह अक्टूबर से युद्धस्तर पर अभियान चलाकर सभी छोटे मजरों को पक्के संपर्क मार्ग से जोड़न हेतु सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा मंत्री ने ऐसे सभी एक्सप्रेस वे, इनर रिंग रोड आदि के निर्माण से गांवों के संपर्क की भौतिक स्थिति बदल गई है तथा वहां निवासित आबादी गलत दिशा से आवाजाही कर रही है जिससे दुर्टनाएं हो रही, सभी को मौके पर जाकर जनप्रतिनिधियों के समन्वय से चिह्नित कर सड़क निर्माण की कार्ययोजना देने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण को सरकार के पास धन का कोई अभाव नहीं है।बैठक में सेतु निगम के कार्यों की भी समीक्षा की गई ।जनपद आगरा में रुनकता बलदेव मार्ग के मध्य रेणुकाधाम पर यमुना नदी पर निमार्णाधीन सेतु के 2021 से 35 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण होने पर न कड़ी फटकार लगाई. इसमें बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट से वृक्ष हटाए जाने की कार्यवाही पूर्ण हो गई है. जल्द कार्य प्रारंभ होगा. मंत्री ने 18 माह में कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए तथा नर्देशित किया कि जहां भी वन विभाग, रेलवे आदि की एनओसी की जरूरत है ससमय एनओसी प्राप्त कर तेजी से कार्य पूर्ण करेंउन्होंने पुनः समीक्षा बैठक करने की बात कही

# कर्तव्यनिष्ठ सिपाही अंकित तोमर का बलिदान: युवती की जान बचाते हुए खुद गंवा दी जिंदगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**।शनिवार की दोपहर गाजियाबाद के वैशाली सेक्टर-चार स्थित हिंडन नहर एक हृदयविदारक घटना की साक्षी बनी, जब एक युवती की जान बचाने के प्रयास में ट्रैफिक पुलिस के जवान अंकित तोमर ने अपनी जान गंवा दी। 28 वर्षीय यह सिपाही, ड्यूटी के प्रति समर्पण और मानवता की मिसाल बन गया। दोपहर करीब 2 बजे, नहर के किनारे मौजूद लोगों ने देखा कि एक युवती ने अचानक पानी में छलांग लगा दी। मौके पर ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक सिपाही अंकित तोमर और उनके सहयोगी बिना किसी हिचकिचाहट के तुरंत नहर में कूद पड़े। युवती को तो किसी तरह बचा लिया गया, और अंकित के साथी किनारे तक लौट आए, लेकिन अंकित नहर की गहराई और तेज धारा में लापता हो गए। घटना के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया और लगभग एक घंटे की तलाश के बाद गोताखोरों ने अंकित को बाहर निकाला। उन्हें तुरंत कौशांबी स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अंकित तोमर गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस के एक समर्पित सिपाही थे। उनके साथी बताते हैं कि वह हर मौसम में मुस्कुराते हुए ड्यूटी करते थे और लोगों की मदद को सदैव तत्पर रहते थे। स्थानीय निवासी रमेश कुमार, जो घटना के प्रत्यक्षदर्शी थे, ने कहा कि अंकित ने बिना एक पल गंवाए नहर में छलांग लगा दी। मैंने ऐसा साहस पहले कभी नहीं देखा। अंकित अपने पीछे पत्नी और दो साल की बेटी को छोड़ गए हैं।

# भूमि से संबंधित प्रकरणों के संबंध में एसडीएम को शिकायत का मुआयने की जाँच कर निस्तारण कराने के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**सादाबाद**। तहसील सभागार में जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने उप जिलाधिकारी सादाबाद एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ तहसील समाधान दिवस में जनसमस्याओं की सुनवाई कर निस्तारण की कार्यवाही को अंजाम दिया। उन्होने समाधान दिवस पंजिका का अवलोकन किया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों को लंबित न रखा जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये।जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत बिल, अनावश्यक विद्युत कटौती तथा विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्णढंग से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंधी, तूफान आदि के कारण क्षतिग्रस्त विद्युत पोल/विद्युत लाईन की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराने के निर्देश दिए, जिससे कि आमजनमानस को समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि नाली, चकमार्ग, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण/अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतों की पुनरावृत्ति किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि एवं चकमार्गों पर पुनः कब्जा किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए, यदि किसी भी व्यक्ति के द्वारा भूमि कब्जा मुक्त होने के पश्चात पुनः कब्जा करने का प्रयास किया जाता है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में 69 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा हाथरस तहसील में कुल 62 शिकायतों में 8 शिकायत तथा सि0राऊ तहसील में कुल 55 शिकायतों में से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# मोहन नगर में बीट पुलिस प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु सम्मेलन सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**।गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के ट्रांस हिंडन जोन में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज मोहन नगर में एक महत्वपूर्ण सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता पुलिस आयुक्त श्री जे. रविन्द्र गौड़ ने की। सम्मेलन में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं कानून-व्यवस्था), पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण), समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज, बीट सब-इंस्पेक्टर (एसआई) और बीट पुलिस अधिकारी (बीपीओ) सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

पुलिस आयुक्त श्री गौड़ ने जनता केंद्रित पुलिसिंग के सिद्धांत पर बल देते हुए कहा कि बीट पुलिस प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाना वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक बीट अधिकारी को अपने क्षेत्र में सप्ताह में कम से कम तीन बार अनिवार्य रूप से भ्रमण करना होगा, जिससे स्थानीय स्तर पर निगरानी बढ़ेगी और अपराध नियंत्रण में सहायता मिलेगी।

सम्मेलन में उन्होंने पुलिसकर्मियों को उनकी शपथ की याद दिलाते हुए कहा कि हर नागरिक के साथ सौम्य व्यवहार एवं उनकी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से कमजोर, असहाय और जरूरतमंद नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बीट पुलिस अधिकारियों को स्थानीय समुदाय के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु प्रेरित किया गया।

# डीआईओएस ने किया दुधारा विद्यालय का निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर**।शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ ने ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षकों के दौरान कक्षा संचालन की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कहा कि पंख पोर्टल, परख पोर्टल, दीक्षा पोर्टल , स्विप चैट, आपदा प्रबंधन, मानव संपदा सदैव क्रियाशील रहना चाहिए। निरीक्षक के उपरांत स्टाफ मीटिंग में उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड, रेडक्रास, पुरातन छात्र सम्मेलन, नारी शक्ति मिशन से संबंधित कार्यक्रम नियमित रूप से होते रहना चाहिए। गणित क्लब, विज्ञान क्लब, पीटीए जैसे टीम भी गतिशील रहे। प्रधानाचार्य को विद्यालय की पत्रिका नियमित रूप से निकलने व पुरातन छात्र सम्मेलन करने का सुझाव दिया। प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने बताया कि जूनियर कक्षाओं की छात्र छात्राओं को किताबें नहीं मिल पा रही है, जिससे कठिनाई हो रही है। प्रोजेक्ट अलंकरण योजना का अनुबंध करके काम शुरू करने का आग्रह किया। समर कैंप के आयोजन की तैयारी पूरी हो गई है। इस दौरान जिला समन्वयक राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान धर्मेंद्र मिश्र,प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, मुहम्मद इस्तियाक, फसीयुद्दीन, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुल सलाम, मुहम्मद शाहिद, जुबैर अहमद, मुहम्मद युनुस, औबेदुल्लाह, ओजैर अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, जुनैद अहमद, रफी अहमद सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**टांडा रामपुर**। नगर की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारी शनिवार को तहसील पहुंचे और सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में नगर के राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज में शिक्षकों की मानक के अनुसार नियुक्ति, सड़क किनारे रखे ट्रांसफॉर्मर को हटाने, मुख्य मार्ग पर वाहनों की गति नियंत्रित करने और नगर के तिराहे पर दिशा व दूरी सूचक संकेतक बोर्ड लगाए जाने की मांग प्रमुखता से की गई।व्यापार मंडल ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि नगर स्थित राजकीय मॉडल बालक इंटर कॉलेज में शिक्षकों की भारी कमी है और वर्तमान में विद्यालय मात्र एक शिक्षक के सहारे संचालित हो रहा है। इससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।मांग की गई कि कॉलेज में शीघ्र ही मानक के अनुरूप शिक्षकों की नियुक्ति की जाए, जिससे शिक्षा के स्तर में सुधार हो सके। इसके अतिरिक्त सिब्ते के चौराहे पर सड़क किनारे रखे ट्रांसफॉर्मर को हटाने की मांग की गई। व्यापार मंडल ने नगर के मुख्य तिराहे पर उचित दिशा व दूरी सूचक बोर्ड लगाए जाने की भी मांग की, जिससे नगर में आने वाले बाहरी लोगों को मार्गदर्शन प्राप्त हो सके और यातायात व्यवस्था सुदृढ़ हो।इसके साथ ही नगर के मुख्य मार्ग पर वाहनों की तेज गति पर नियंत्रण लगाने की मांग भी रखी गई, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने समस्याओं का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हाजी शकील, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी मुशर्रफ अली, नगर महामंत्री आशीष वर्मा, हाजी अब्दुल समद, हाजी अब्दुल रशीद, युवा नगर अध्यक्ष सलीम कसगर और अली प्रिंस सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सुरेविन स्कूल में जोरदार स्वागत किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर**। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में इंटरमीडिएट कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में जोरदार स्वागत किया गया।

सेंट्रल बोर्ड आफ एजुकेशन की इंटरमीडिएट कक्षा के विभिन्न वर्ग के विज्ञान वर्ग- हिमांशी 92%, सिद्धि 91% निर्भय 91 ?, खुशी त्यागी 90%, सिमरन 90%, आराध्ये वीरभान 90%, कला वर्ग- शांभवी पांडे 94.2%, मुस्कान 93%, आयुषी चौधरी 85% कॉमर्स( वाणिज्य वर्ग ) आर्यन गोयल 95%, हर्ष 91%, वैष्णवी नेहरा 88% मेधावी छात्र छात्रों द्वारा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए इस अवसर पर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया साथ ही पेंटिंग विषय में शत100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों सिमरन, ईशा, शांभवी, हिमांशी, हर्षित, यश शर्मा को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु द्वारा सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों द्वारा किए गए कठिन परिश्रम के इस रिजल्ट को इसका फल बताते हुए सभी के श्रेष्ठ कार्य की सराहना की और साथ ही स्कूल प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता के द्वारा सभी के सुनहरे भविष्य की कामना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अपने समक्ष उपस्थित कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्रों को उनके सामने अपने अनुभव को साझा किया गया और अपने अभिभावकों के लिए कृतज्ञता भरे शब्दों का प्रयोग कर उनका धन्यवाद किया गया और अभिभावकों के द्वारा भी इस अवसर पर स्कूल एवं शिक्षकों के प्रति अभिवादन प्रस्तुत किया गया।

# विपरित परिस्थितियों में भी युवा सही कैरियर मार्गदर्शन के साथ आगे बढ़ते रहे, सफलता निश्चित रूप से आपके कदमो में होगी : डॉ. राजीव त्यागी

**वेलकम इंडिया**



**गजरौला :** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में बोर्ड परीक्षा के उत्तीर्ण एवं ग्रेजुऐशन युवाओ को आगे भविष्य के लिए सशक्त कैरियर विकल्प चुनने की शानदार निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना नयी दिशा-2025 की शुभारम्भ शनिवार को किया गया। आगामी साठ दिनो तक चलने वाली इस शैक्षणिक परामर्श योजना के तहत देश के जाने-माने कैरियर विशेषज्ञ पश्चिमी यूपी के दसवीं बारहवीं एवं ग्रेजुएशन युवाओ को विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की जानकारी के साथ-साथ सिविल सर्विसेज, डिफेन्स सर्विसेज, पुलिस एवं प्रशासनिक सेवाओ समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी एवं चयन के लिए शैक्षणिक योग्यता समेत महत्वपूर्ण जानकारी निशुल्क प्रदान करेंगे। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में आयोजित महत्वाकांक्षी निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना नयी दिशा-2025 का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डेय, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. मधु चतुर्वेदी आदि ने संयुक्त रूप से सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर जानकारी देते हुए वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति विख्यात कैरियर कोच एवं राष्ट्रीय प्रेरकवक्ता डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि साठ (60) दिनों तक चलने वाली इस निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना नयी दिशा से पश्चिमी यूपी विशेष रूप से मेरठ, मुरादाबाद मण्डल के दसवीं, बारहवीं एवं ग्रेजुएशन युवाओ को एक स्थायी सम्मानित एवं सशक्त कैरियर विकल्प चुनने मे मदद मिलेगी। देश भर के दो दर्जन से अधिक कैरियर विशेषज्ञ आने वाले साठ दिनो में युवाओ को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ में चयन के लिए आवश्यक योग्यता एवं तैयारी के लिए महत्वपूर्ण टिप्स निशुल्क प्रदान करेंगे। इस अवसर पर डीन एकेडेमिक डॉ. राजेश सिंह, लक्ष्मण सिंह रावत, एस.एन. साहू, डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. योगेश्वर सिंह, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. टी.पी. सिंह, डॉ. आशुतोष, डॉ.ओमप्रकाश, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. अश्विनी सक्सेना, डॉ. सौरभ मित्रा, मारूफ चौधरी, मार्केटिंग निदेशक तरूण काम्बोज, अरूण गोस्वामी एवं मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा, प्रीतपाल आदि मौजूद रहे।

# बरवाला में तिरंगा यात्रा का हुआ भव्य आयोजन, देशभक्ति की भावना से सराबोर हुआ शहर

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) :** कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा के नेतृत्व में शनिवार को बरवाला में तिरंगा यात्रा का आयोजन देशभक्ति की भावना के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम पाकिस्तान पर भारत की निर्णायक कार्रवाई एवं युवाओं को देश के इतिहास व बलिदानों से प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत ब्राह्मण धर्मशाला से हुई, जहाँ सैकड़ों की संख्या में आमजन, युवा, पार्टी कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक तिरंगा लेकर एकत्रित हुए। यात्रा के मार्ग में लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया और भारत माता के जयघोष से वातावरण को गूंजायमान कर दिया। यात्रा का समापन शहीद भगत सिंह चौक पर हुआ, जहाँ कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने संबोधित किया। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने वक्तव्य में कहा कि तिरंगे के सम्मान में, एकता के संदेश के साथ यह यात्रा निकाली जा रही हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर, हल्का बरवाला में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु व भारतीय सेना की वीरता और शौर्य के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह यात्रा शहीदों के बलिदान को याद करने और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। शहीदों की स्मृति को ताजा रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। यह तिरंगा यात्रा उसी भावना की अभिव्यक्ति है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं और अपनी ऊर्जा को देशहित में लगाएं। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष सोनू सिहाग, पूर्व अध्यक्ष सतबीर सिंह वर्मा, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश बैटरीवाला, रणधीर सिंह धीरू, संयोजक सतीश गोयल, कृष्ण वर्मा, अशोक मित्तल, मंडल अध्यक्ष मोनू संदूजा, डॉ सुरेश जाखड़, सुरेश गोयल, डॉ देशराज, पूर्व पार्षद रामकेश बंसल, पूनम जांगड़ा, महेश शर्मा, सतबीर नागर, रोहतास दुग्गल, देवेंद्र देव शर्मा, रोशन घणघस, प्रवीण सैनी आदि मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का बिजली घर पर धरना



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

नूरपुर नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव फीना में बिजली घर पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा धरना लगाया गया। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम कुमार ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण किसानों में आक्रोश था जिसमें एक्शन नूरपुर के द्वारा आश्वासन दिया गया की 10 घंटे विद्युत आपूर्ति आज से ही प्रतिदिन दी जाएगी एक्शन को पांच सूत्रीय ज्ञापन देकर धरना? समाप्त किया गया।

# बिजनौर में विदुर स्टोर का शुभारंभ : आकांक्षा चौहान

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**बिजनौर :** विकास खण्ड नूरपुर की ग्राम पंचायत खासपुरा के श्री शिवाय स्वंय सहायता समूह द्वारा संचालित पंचवटी कालोनी बिजनौर में डॉ बीना प्रकाश हास्पिटल के सामने विदुर स्टोर का उद्घाटन मुख्य अतिथि आकांक्षा चौहान ब्लॉक प्रमुख नूरपुर, विरेन्द्र यादव, डीसी एनआरएलएम, दिनेश पाल शर्मा खण्ड विकास अधिकारी नूरपुर द्वारा फीता काटकर किया गया। विदुर स्टोर में विकास खण्ड नूरपुर की ग्राम पंचायतों में संचालित स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित विदुर ब्राण्ड के बेसन, आटा, खाद्य तेल, मिर्च मसाला, दालें, चिप्स, साबुन, डिटर्जेंट आदि दैनिक घरेलु उपयोग की वस्तुएं बिक्री हेत उपलब्ध कराई गयी है।

ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान के अथक प्रयास से विकास खण्ड नूरपुर की ग्राम पंचायतों द्वारा निरन्तर विदुर स्टोर का उद्घाटन कर स्वंय सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित विदुर ब्रांड के उत्पादों को ब्रिकी हेतु उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे विदुर ब्रांड की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है तथा दैनिक जीवन की गुणवत्तापरक वस्तुएँ आमजन के लिए उपलब्ध हो रही है। इस मौके पर विकास खण्ड नूरपुर से सलीम अहमद एडीओ आईएसबी द्वारा विदुर स्टोर खोलने में सराहनीय कार्य किया गया इसके अलावा विदुर स्टोर उद्घाटन के अवसर पर गिरीश चन्द एकाउन्टेंट, जावेद अख्तर, छोटन सिंह, गोविन्द शर्मा, विपिन कुमार, योगेन्द्र सिंह, शिवकुमार, भावना, पूनम, सीमा, बाला देवी, निशा, मनोज देवी, अनिता, मीनू, बबीता आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय कन्या इंटर कालेज खलीलाबाद में समर कैंप 21 मई से 10 जून तक होगा आयोजन

**वेलकम इंडिया**

- छात्राओं को दिवस वार अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल सिखाया जाएगा।
- समर कैंप का लाभ समस्त छात्राएं उठा सके और खेल-खेल में कई नए कौशल सीख सकें।

**संतकबीरनगर।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद में विभाग के निदेर्शानुसार 21 मई से 10 जून तक समर कैंप का आयोजन कराया जा रहा है जिसमें अभिभावकों की सहमति से छात्राओं को दिवस वार अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल सिखाया जाएगा।

इसमें साहित्यिक कौशल, तकनीकी कौशल, खेल कूद का कौशल, प्राथमिक चिकित्सा कौशल, संप्रेषण कौशल, टीम भावना, थैले, एप्रन बनाना, प्राचीन कलाएं जैसे पेपर मैशे, ब्लॉक प्रिंटिंग, टाई एंड डाई, माटी कला इत्यादि सिखाई जाएंगी। प्रतिदिन छात्राओं को सूक्ष्म जलपान भी दिया जाएगा। प्रधानाचार्य डॉ सबीहा मुमताज ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी सहमति छात्राओं के प्रतिभाग के संबंध में अवश्य दें जिससे समर कैंप का लाभ समस्त छात्राएं उठा सके और खेल-खेल में कई नए कौशल सीख सकें। उन्होंने बताया कि कैंप के अंतिम दिन 10 जून को अभिभावकों को आमंत्रित करके उनका फीडबैक लिया जाएगा।

# मनोज यादव को भारतवर्षीय यादव महासभा का हाथरस जिलाध्यक्ष बनाया जाना यादव समाज के विकास को गति मिलेगी : समर्थक

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव एडवोकेट ने अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश के संगठन को मजबूत करने के लिए मनोज यादव को जनपद हाथरस का जिलाध्यक्ष बनाया है। स्वागत सम्मान के लिए अलीगढ़ रोड़ के गिर्राज पेट्रोल पंप के पास होटल जेपी डानार्ड में शनिवार को एक बैठक हुई। जबकि संचालन भूपेंद्र यादव ने किया। इस दौरान समर्थकों ने फूल-मालाओं से लादक र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर जोशीला स्वागत किया। इस दौरान आए सभी लोगों ने अपना परिचय दिया और समाज को मजबूत करने पर बल दिया। जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को सहयोग और उनकी समस्याओं का समाधान करने का काम किया जाएगा। मुख्य अतिथि प्रांतीय महासचिव महेश यादव संघर्षी ने सम्बोधित करते हुए बताया कि अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की स्थापना 17 अप्रैल 1924 को हुई। यादव महासभा का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को बढावा देना, सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक स्थिति सुधारना है। इस अवसर पर नवनियुक्त हाथरस जिलाध्यक्ष मनोज यादव, अलीगढ जिलाध्यक्ष विनय यादव, जिला संयोजक हरपाल सिंह यादव, प्रदेश महासचिव महेश यादव संघर्षी को सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष बनने पर मनोज यादव ने बताया कि जो जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष ने दी है उसको पूर्ण ईमानदारी से यादव महासभा के सिद्धांतों पर चलकर महासभा को मजबूत व सक्रिय करने में पूर्ण सहयोग दूंगा आगे उन्होंने कहा कि जिला कार्यकारिणी अतिशीघ्र घोषित की जाएंगी। अध्यक्षता कर रहे हाथरस जिला संयोजक हरपाल सिंह यादव ने कहा कि संगठन का विस्तार ब्लॉक, तहसील, नगर व ग्राम स्तर तक किया जायेगा। मनोज यादव को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर होटल जे.के.डोनाल अलीगढ रोड हाथरस में जिला संयोजक हरपाल सिंह यादव की अध्यक्षता व शिक्षक भूपेन्द्र यादव के संचालन में एक भव्य स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रमुख रुप से डॉं.सुरेश यादव, रिंकू यादव, संजीव यादव नावली, समीर यादव एडवोकेट, श्रीनिवास यादव मुनीम जी, दिनेश यादव, राहुल यादव, जगदीश यादव गाँधी, रवि यादव, बृजेश यादव, धर्मेन्द्र यादव, रवेन्द्र यादव, प्रमोद यादव, मुकेश यादव, ओमवीर यादव, रामजी यादव, संतोष यादव, के.पी.सिंह यादव, अमित यादव, नरेन्द्र यादव, संकेत यादव, सतेन्द्र यादव, लोकेश यादव एडवोकेट, मानवेन्द्र यादव प्रधान धरौरा, राम अअवतार यादव, रामनिवास यादव पूर्व प्रधान, महेश यादव, मुकेश यादव, हीरेन्द्र यादव प्रधान व आदि मौजूद थे।

# शिकारपुर में गेहूं के अवैध कारोबार पर प्रशासन का हंटर

**वेलकम इंडिया**



**शिकारपुर।** तहसील शिकारपुर क्षेत्र में गेहूं माफियाओं और नवीन अनाज मंडी शिकारपुर आढ़ती संघ के बीच अवैध कारोबार को रुकवाने के लिए जंग छिड़ गई है। दोनों ही एक दूसरे को प्रशासन से पकड़वाने के लिए कमर कस चुके हैं। देखना यह है कि किसका पलड़ा भारी होता है। पिछले दिनों शिकारपुर के मोहल्ला चैनपुरा में एक गोदाम से एक गेहूं माफिया का 1100 क्विंटल गेहूं बरामद किया गया था। माना जा रहा है कि किसी की शिकायत पर तहसील प्रशासन ने अवैध रूप से रखे गए गेहूं के खिलाफ कार्रवाई की। बरामद किए गए गेहूं को प्रशासनिक और मंडी समिति के अधिकारियों ने सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर तुलवाया था। उक्त गेहूं एक गेहूं माफिया का होना बताया जा रहा था। प्रशासन और मंडी समिति द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई को उक्त गेहूं माफिया ने आढ़ती संघ द्वारा पकड़वाए जाने का आरोप लगाया था। आरोपित है कि इस घटना के बाद इलाके के सभी गेहूं माफिया एक हो गए और उन्होंने नवीन अनाज मंडी के लाइसेंसधारी आढ़ती रोहित सिंह के तैयबपुर गांव स्थित उनके आवास और गोदामों में भरे गेहूं पर छापामार करवाई करा दी।

# धांसू गांव के खेतों में घरों व पशुबाड़ों के पास से गुजारी जा रही हाईटेंशन बिजली की तारों को लेकर ग्रामीणों में रोष

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) :** एक तरफ तो सरकार घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन तारों को हटवाकर दुर्घटनाओं को रोकने की ओर कदम बढ़ा रही है, वहीं दूसरी ओर बिजली निगम के कुछ अधिकारी व कर्मचारी ही सरकार के इस प्रयास को धत्ता बताने में लगे हुए हैं। कुछ ऐसा ही मामला बरवाला हलके के गांव धांसू में सामने आया है। गांव में हाईटेंशन तारों को खेतों में बनी ढाणियों और पशुबाड़ों के साथ से गुजारने का प्रयास किया जा रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष है। इस मामले को लेकर आज गांव धांसू के कुछ परिवार बरवाला के रेस्ट हाउस में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा से मिले और उनको एक पत्र सौंपते हुए उनके घरों व पशुबाड़ों के पास से गुजारी रही हाईटेंशन की तारों को रोकने की मांग की। जिला पार्षद ओपी मालिया के नेतृत्व में मंत्री रणबीर गंगवा को शिकायत पत्र देते हुए ग्रामीण सुलतान सिंह, सूरजभान, विनोद कुमार, बजरंग, कृष्ण, धर्मपाल आदि ने बताया कि उनका परिवार खेती व पशुपालन का काम करता है। खेतों में ही अपने घर बनाकर रहते हैं। उनके पास थोड़ी सी भूमि है, उस पर वे खेती कर व पशुपालन कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बिजली निगम द्वारा रास्ते के साथ-साथ की बजाय उनके खेतों में बने घरों व पशुओं के बाड़ों के पास से जबरदस्ती 33 केवी की लाइन गुजारने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दो-तीन दिन पहले बिजली निगम के कुछ अधिकारी व कर्मचारी पुलिस बल के साथ उनके खेतों में आए और खेतों में बनी ढाणियों व पशुबाड़ों के साथ खंभे लगाने लगे। जब घर पर मौजूद महिलाओं और बच्चों ने खेतों के बीच में बने घरों व पशुबाड़ों के पास खंभे न लगाने की गुहार की तो वहां मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें धमकाया और ढाणियों और पशुबाड़ों के पास जबरदस्ती खंभे लगाकर चले गए। उन्होंने कहा कि घरों व पशुबाड़ों के पास बिजली की हाईटेंशन तारें गुजरने से हर समय जान माल का खतरा बना रहेगा। उन्होंने इस दौरान बनाई गई वीडियो भी मंत्री को दिखाई जिसमें जबरदस्ती खंभे लगाए गए थे। मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से सुना और समाधान का आश्वासन दिया। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से मिलने आए ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पूरा भरोसा है कि मंत्री उनकी इस समस्या को शीघ्र दूर करेंगे।

# जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में सकुशल संपन्न हुआ तहसील गढ़मुक्तेश्वर समाधान दिवस

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर तहसील में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान गढ़मुक्तेश्वर तहसील दिवस में कुल 60 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 20 का मौके पर अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया गया। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने तहसीलदार हापुड़ को निर्देश दिए कि तहसील दिवस में जो भी शिकायत प्राप्त हुई हैं उनमें स्वयं मौके पर जाकर जांच करें, जांच के उपरांत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिकायत के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाये ह्न इसी के साथ जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए की तहसील दिवस में जो भी शिकायत प्राप्त हो रही हैं उनका आगामी तहसील दिवस से पूर्व निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे उन समस्याओं को बार-बार न दोहराया जाए ह्न इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, उप जिलाधिकारी साक्षी शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील त्यागी, तहसीलदार गढ़, पुलिस क्षेत्र अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे इसके साथ ही धौलाना तहसील दिवस की अध्यक्षता करते हुए अपर जिला अधिकारी संदीप कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए तहसील में आई शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं प्राथमिकता के आधार पर करें।अपर जिला अधिकारी के समक्ष तहसील दिवस में 23 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 02 का निस्तारण कराया गया। इसी क्रम में हापुड़ तहसील की अध्यक्षता करते हुए मंडलयुक्त मेरठ के द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतो को सुना। सम्पन्न हुए हापुड़ तहसील दिवस में 25 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 05 का निस्तारण किया गया।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सुरेविन स्कूल में जोरदार स्वागत किया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में इंटरमीडिएट कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में जोरदार स्वागत किया गया।सेंट्रल बोर्ड आफ एजुकेशन की इंटरमीडिएट कक्षा के विभिन्न वर्ग के विज्ञान वर्ग- हिमांशी 92%, सिद्धि 91% निर्भय 91?, खुशी त्यागी 90%, सिमरन 90%, आराध्ये वीरभान 90%, कला वर्ग- शांभवी पांडे 94.2%, मुस्कान 93%, आयुषी चौधरी 85% कॉमर्स( वाणिज्य वर्ग) आर्यन गोयल 95%, हर्ष 91%, वैष्णवी नेहरा 88% मेधावी छात्र छात्रों द्वारा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए इस अवसर पर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया साथ ही पेंटिंग विषय में शत100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों सिमरन, ईशा, शांभवी, हिमांशी, हर्षित, यश शर्मा को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ.रीता वार्ष्णेय, डॉ शिखा दरबारी द्वारा सभी छात्रों एवं अभिभावकों को बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उनके अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु द्वारा सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों द्वारा किए गए कठिन परिश्रम के इस रिजल्ट को इसका फल बताते हुए सभी के श्रेष्ठ कार्य की सराहना की और साथ ही स्कूल प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता के द्वारा सभी के सुनहरे भविष्य की कामना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अपने समक्ष उपस्थित कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्रों को उनके सामने अपने अनुभव को साझा किया गया और अपने अभिभावकों के लिए कृतज्ञता भरे शब्दों का प्रयोग कर उनका धन्यवाद किया गया और अभिभावकों के द्वारा भी इस अवसर पर स्कूल एवं शिक्षकों के प्रति अभिवादन प्रस्तुत किया गया।

# एमएसएमई को सस्ते लोन की स्कीम दोबारा शुरू करने पर विचार करे सरकार : प्रिन्स कंसल

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** एमएसएमई के लिए 2015 में शुरू की गई इंटरेस्ट इक्वलीसैशन स्कीम दिसंबर 2024 में बंद कर दी गई थी ! इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन व अन्य संगठन भी सरकार से इस स्कीम को दोबारा शुरू करने की मांग कई बार कर चुके हैं ।अमेरिका के टैरिफ लगाने और ग्लोबल इकोनॉमी में अनिश्चितता को देखते हुए अब सरकार द्वारा इस मुद्दे पर विचार किया जा रहा है। इटवा के राष्ट्रीय महामंत्री प्रिन्स कंसल ने कहा है कि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमियों के लिए सस्ते लोन की स्कीम दोबारा शुरू करने पर विचार करने के लिए सरकार से कई बार आग्रह किया गया है। अब हमारी माँग को देखते हुए एमएसएमई के लिए कर्ज पर सब्सिडी स्कीम (इंटरेस्ट इक्वलीसैशन स्कीम) फिर शुरू की जा सकती है और सरकार इस पर विचार भी कर रही है ।प्रिन्स कंसल ने बताया कि दिसंबर 2024 में इस स्कीम को बंद कर दिया गया था, लेकिन अमेरिका के इंपोर्ट टैरिफ लगाने और ग्लोबल इकोनॉमी में अनिश्चितता को देखते हुए इसे फिर शुरू किया जा सकता है। इससे एमएसएमई को सस्ता लोन (एमएसएमई- एक्सपोर्ट लोन) मिल सकेगा ।अभी एमएसएमई निर्यातकों को बैंकों से 8 से 12 प्रतिशत तक ब्याज पर कर्ज मिलता है प्रायः एमएसएमई के लिए ब्याज की दर कई बार इससे भी अधिक हो जाती है। भारतीय एमएसएमई को चीन से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है, वहां उद्यमियों को 2 से 3 प्रतिशत ब्याज पर लोन मिल जाता है। एमएसएमई निर्यातक सरकार से कई बार इस स्कीम को एक्सटेंड करने की मांग कर चुके हैं, पिछले बजट में जब स्कीम के विस्तार का जिक्र नहीं किया गया तो इटवा व अन्य संगठनों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से अलग से इसके लिए आग्रह किया था कि इस योजना को आगे बढ़ाने पर सकारात्मक रूप से विचार करना चाहिए।प्रिन्स कंसल ने बताया कि चीन में ब्याज दर 2-3 प्रतिशत है और इससे उनके एमएसएमई को काफी मदद मिलती है, इटवा ने इस स्कीम में क्रेडिट लिमिट भी बढ़ाकर 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये करने की मांग की थी, हमारा कहना है कि प्रति कंपनी 50 लाख रुपये की सीमा लगाने से अनेक एमएसएमई प्रभावित हुए हैं और सब्सिडी नहीं मिलने के कारण वे नए ऑर्डर पर निर्णय लेने में असमर्थ हैं।

# गाजियाबाद के मोदीनगर में बिजली संकट को लेकर किसानों का उग्र प्रदर्शन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में लगातार हो रही बिजली कटौती और कृषि कार्यों में बाधा से परेशान किसानों और ग्रामीणों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले सैकड़ों किसानों और ग्रामीणों ने सीकरी रोड स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय का घेराव किया और जोरदार नारेबाजी करते हुए मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर दी। प्रदर्शनकारियों ने विद्युत विभाग के एसडीओ प्रदीप कुमार को लगभग दो घंटे तक बंधक बनाए रखा।

इस आंदोलन का नेतृत्व संगठन के अध्यक्ष डॉ. बबली गुर्जर, सत्येंद्र शर्मा, राहुल गुर्जर और नीरज प्रजापति ने किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि फीडर से केवल तीन से चार घंटे ही बिजली मिल रही है, जिससे सिंचाई कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कम से कम 10 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की। डॉ. बबली गुर्जर ने यह भी आरोप लगाया कि कई क्षेत्रों में फुंके ट्रांसफॉर्मर समय पर नहीं बदले जा रहे और सुविधा शुल्क वसूलने की शिकायतें भी सामने आई हैं। उन्होंने बताया कि सीकरी खुर्द, नंदनगरी, विश्वकर्मा बस्ती, इंद्रपुरी और भूपेंद्रपुरी की बिजली आपूर्ति गदाना फीडर से की जा रही है, जो पहले से ही ओवरलोड है। उन्होंने इन क्षेत्रों को पुनः मोदी स्टील फीडर से जोड़ने की मांग की।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर सीडीओ ने सुनी जनसमस्याएं

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )** तहसील मुख्यालय पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर मौजूद मुख्य विकासाधिकारी अभिनव गोपाल, उपजिलाधिकारी निखिल चक्रवर्ती व तहसीलदार रजत कुमार सिंह,एसीपी मोदीनगर, सहित जनपद के अन्य सरकारी विभागों के सक्षम अधिकारियों ने जन समस्याएं सुनीं। इस मौके पर प्राप्त जन शिकायतों में 51 से महज 3 जन शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। शेष को त्वरित कार्रवाई हेतु तत्संबंधित विभागों को भेज दिया गया।सीडीओ अभिनव गोपाल ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को चेतावनी भरे लहजे में आगाह किया कि शासन की प्राथमिकता माने जाने वाले संपूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का वे गुणवत्ता पूर्वक समाधान कर दूर दराज क्षेत्रों से आने वाले फरियादियों को पूर्णतः संतुष्ट करने का प्रयास करें। इस दिशा में लापरवाही अथवा कर्तव्यों के प्रति उदासीनता कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा- युवा अधिवक्ता सचिन दीक्षित के अनुसार तहसीलदार बार एसोसिएशन मोदीनगर के आह्वान पर न्यायिक तहसीलदार कोर्ट का अधिवक्ताओं द्वारा बहिष्कार अभी भी जारी है। इस संबंध में बार एसोसिएशन की तरफ से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सीडीओ को सौंपा गया जिसमें न्यायिक तहसीलदार पर अनेक गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें जनहित में यहां से अन्यत्र हटाए जाने तथा आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष उत्तम त्यागी, सचिव सौरभ मुदगल, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, जगपाल सैनी, सचिन दीक्षित, राजकुमार चौधरी, धीरज कौशिक, सहित अन्य कई अधिवक्ता मौजूद थे।किसानों का धरना- उधर भाकियू के बैनर तले किसानों की कई प्रमुख मांगों को लेकर किसानों ने तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया।

## पेयजल संकट से परेशान लोगों ने निगम मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** शहर के वार्ड–95 के कैला भट्टा क्षेत्र में जारी पेयजल संकट को लेकर शनिवार को स्थानीय नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों के साथ क्षेत्र की पार्षद रुकसाना सैफी और पूर्व पार्षद जाकिर सैफी भी मौजूद रहे। नागरिकों ने अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को ज्ञापन सौंपकर जल समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि वार्ड में कई दिनों से पानी की गंभीर किल्लत बनी हुई है। शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। क्षेत्र में लगे पांच एचपी के पांच, दस एचपी के पांच और 30 एचपी के दो नलकूप लंबे समय से खराब पड़े हैं, जिससे पेयजल आपूर्ति बुरी तरह बाधित हो गई है। नागरिकों ने बताया कि बार–बार शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है, जिससे गर्मी के इस मौसम में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई घरों में पीने के पानी तक की समस्या उत्पन्न हो गई है।

अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने प्रदर्शनकारियों की बातें ध्यानपूर्वक सुनीं और उन्हें समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि जलकल विभाग की टीम को मौके पर भेजकर निरीक्षण करने के निर्देश दे दिए गए हैं। खराब नलकूपों की मरम्मत कर जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति बहाल की जाएगी, ताकि नागरिकों को और अधिक परेशानी न झेलनी पड़े।

## पुरानी रंजिश के चलते पथराव, छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गाजियाबाद।** बलराज नगर कॉलोनी में गुरुवार शाम एक पुराने विवाद को लेकर बाइक सवार युवकों द्वारा पथराव किए जाने की घटना सामने आई है। इस घटना ने क्षेत्र में तनाव का माहौल बना दिया है। पीड़ित यश चौधरी की शिकायत पर पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यश चौधरी ने बताया कि एक वर्ष पूर्व क्रिकेट खेलते समय उनके मित्र हर्ष सोलंकी का सचिन यादव से विवाद हुआ था, तभी से सचिन रंजिश रखे हुए था। बुधवार को हर्ष उनसे मिलने घर आया था। जब वह घर से लौट रहा था, तो गली में सचिन और उसके साथी बाटू ने उसे पकड़ लिया। यश और उसके परिजनों ने मौके पर पहुंचकर हर्ष को छुड़ाया। इस घटना से नाराज होकर गुरुवार शाम को सचिन, बाटू, विपिन, हर्ष पांचाल, बाटू के दो भाई और उनके करीब 15 अन्य साथी बाइक से यश के घर पहुंचे। उन्होंने गाली–गलौज करते हुए घर पर पथराव किया। स्थानीय लोगों के एकत्र होने पर आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद से पीड़ित परिवार भय के साए में है। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि यश चौधरी की शिकायत पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## पार्किंग को लेकर विवाद, दो युवकों से मारपीट

**गाजियाबाद।** शहर की उत्तरांचल विहार कॉलोनी में गुरुवार को गली में गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक झगड़े में तब्दील हो गया। घटना में दो युवकों के साथ मारपीट की गई और उनकी कार को आग लगाने की कोशिश की गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद सहित दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित अभिषेक उत्तरांचल कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह पिछले सात वर्षों से नियमित रूप से गली में अपनी कार पार्क करते आ रहे हैं। गुरुवार को उनका मित्र योगेश उनसे मिलने आया था, उसी दौरान यह घटना हुई। अभिषेक के अनुसार, महेश त्यागी, मुकेश त्यागी, नरेश त्यागी और उनके दो साथियों ने उनसे कार हटाने को कहा। जब वह कार हटाने लगे, तो महेश त्यागी के पुत्र ने गाली–गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी पांच लोगों ने मिलकर अभिषेक और योगेश की पिटाई कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने फावड़े से हमला किया और कार पर तेल छिड़क कर उसे जलाने की कोशिश भी की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर तीन नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# ज्ञान, भक्ति व कर्म योग से ही मानव जीवन होता है सार्थक: पं0 अशोक शास्त्री

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** श्रीराम नाम सत्संग सेवा न्याय ढिंढाला, मेरठ के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरू पं0 अशोक शास्त्री ने ज्ञान व कर्म की महत्ता प्रतिपादित करते हुए कहा कि ज्ञान, भक्ति व कर्म के योग से ही मानव जीवन सार्थक होता है। ज्ञान व भक्ति पूर्वक किए गए कार्यो से भगवान प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं।पं0 अशोक शास्त्री, पराग जैन के सौजन्य से ग्राम सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर परिसर में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु श्रोता समुदाय के समक्ष धर्म प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भूखे को संभवतः भोजन कराना तथा प्यासे को सम्मानपूर्वक पानी पिलाना व जरूरतमंदों की निस्वार्थ सेवा सहायता करना यज्ञ में आहूति के समान पुण्य कार्य है अर्थात जो भी नेक कार्य करो उसे पूर्ण निष्ठा व भावनात्मक रूप से करो तभी मानव जीवन सार्थक कहलाएगा।पं0 अशोक शास्त्री ने कहा कि सत्यनारायण कथा हो, रामचरित मानस हो अथवा श्रीमद् भागवत कथा सभी में ज्ञान, भक्ति व कर्म का महत्व बताया गया है। लिए गए संकल्प को निर्धारित समयावधि में ही पूर्ण करना चाहिए। बार-बार टालन से भगवान भी अप्रसन्न हो जाते हैं। इस अवसर पर विधायक डा0 मंजू शिवाच, नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, देवेंद्र गर्ग, वीरेंद्र जैन, प्रिंस कंसल, पंकज अग्रवाल, शेखर पंत, अक्षय शर्मा, प्रदीप वार्ष्णेय, हिमांशु गुप्ता, पराग जैन, महामाया देवी मंदिर के महंत देवेंद्र शास्त्री, मोनिका अग्रवाल, सुदेश जैन, शालू सहित अन्य श्रद्धालुजन पर्याप्त संख्या में मौजूद थे।

# आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री को मिला राष्ट्रीय वेदांग वैभव सम्मान

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** देश के तपस्वी संतों, जगद्गुरु स्वामी देवादित्यानंद सरस्वती जी महाराज, अनंतश्री विभूषित आनंदपीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री स्वामी बालकानंद गिरी जी महाराज, अनंतश्री विभूषित महामंडलेश्वर 108 श्री स्वामी हरिहरानंद सरस्वती जी महाराज (मैनपुरी), परमपूज्य दंडीस्वामी श्री जितेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज (राष्ट्रीय महामंत्री, अखिल भारतीय संत समिति) आदि के आशीर्वाद और छत्रछाया में संचालित किए जा रहे पुजारी संघ और उसकी सहयोगी संस्थाओं सत्य सनातन ब्राह्मण महासभा दिल्ली, धर्म समाज, अखिल भारतीय संत समिति, सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा, जय परशुराम सनातन सेवा संघ दिल्ली प्रदेश के सहयोग से ऐतिहासिक श्री रघुनाथ मंदिर दिल्ली के सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम में श्रीपीतांबरा विद्यापीठ सीकरीतीर्थ के अधिष्ठाता एवं राष्ट्रीय ज्योतिष परिषद के अखिल भारतीय अध्यक्ष आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री को राष्ट्रीय वेदांग वैभव सम्मान से अलंकृत किया गया।सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री ने कहा कि ब्राह्मण अपने तप से धरा के कष्ट नष्ट करने के लिए दृढ़निश्चय होकर कोई भी पूजापाठ कराते समय प्रत्येक यजमान को राष्ट्रसेवा का संकल्प अवश्य कराएं। आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री ने कहा कि देश के तपस्वी सनातन के पुत्र यदि स्वयं जाग्रत होकर देश को प्रकाशित होने का कार्य करें। इस अवसर पर पं. ब्रजवासी, पं दुलीदत्त शर्मा, शशिकांत शर्मा, पं.ललित गोस्वामी, पं.लव शर्मा, आचार्य विनय जोशी, पं.अमित कटारा, पं. रमेश चंद व्यास, आचार्य मनोज पंत, आचार्य माणिक, आचार्य पवन शर्मा, आचार्य अंशुल शर्मा, आचार्य कृष्ण कुमार भारद्वाज,प्रवक्ता आचार्य पं.संतोष आत्मानंद आदि उपस्थित रहे।

# नेक कार्य होते है मानवता की पहचान : बोहरा

वेलकम इंडिया



**बाड़मेर 17 मई 2025।** सघन परिण्डा अभियान के तहत जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मरटाला गाला में शिक्षक शैतानसिंह भाटी, कनिष्ठ लिपिक दिनेश कुमार एवं संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन की उपस्थिति में पक्षियों की जल सेवा में पेड़ों पर मिट्टी के परिण्डे लगाएं गए। परिण्डे लगाने के साथ-साथ विद्यालय स्टाफ को पर्यावरण संरक्षण एवं जीव दया का संकल्प दिलाया गया। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि प्राणी मात्र की सेवा करना बहुत बड़ा नेक व पुण्य कार्य है। हमें सद्कार्यां से जुड़कर अपने जीवन को सार्थक करना चाहिये। अमन ने कहा कि सबको अपने-अपने कर्मां का फल जरूर मिलेगा। अच्छे कर्म करने वाले को अच्छा और बुरे कर्म करने वाले को बुरा ही फल मिलना है। यही प्रकृति का न्याय है। इसीलिए हमें हमेशा प्रत्यके कार्य करने से पूर्व उसके परिणाम के बोर में जरूर विचार करना चाहिये। नेक कार्यां से मनुष्य और मानवता की पहचान होती है लिपिक दिनेश कुमार ने कार्यक्रम के लिए सबका आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक शैतान सिंह भाटी, अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन, दिनेश कुमार, दीक्षित शांडिल्य जुंझार सिंह, मेघसिंह आदि उपस्थित रहे।

# विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न ग्रामों में सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का किया गया शिलान्यास

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** विधानसभा क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को गति देते हुए विधायक डॉ. मंजू शिवाच द्वारा आज विभिन्न ग्रामों में सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र की सिखेड़ा रोड पर त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत प्राईमरी स्कूल से चॉकलेट फैक्ट्री से सी एस पी एल होते हुए नाले तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का विधायक डॉ मंजू शिवाच ने फीता काटकर उद्घाटन किया जिसकी लंबाई 820 मीटर एवं लागत मूल्य 94.60 लाख रुपये है। मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगला मूसा में विधायक निधि द्वारा मदरसे से ताज मोहम्मद के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का विधायक डॉ मंजू शिवाच ने उद्घाटन किया। जिसकी लम्बाई 120 मीटर एवं लागत मूल्य 9.35 लाख रुपये है। विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे सदैव संकल्पित हैं। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि आगे भी जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे।

इस मौके पर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष अमित अग्रवाल संजय चौधरी गांव सीकरी कला के पूर्व प्रधान सुरमेश शर्मा विधायक प्रतिनिधि करणवीर सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक विजय पर भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मुरादनगर विधानसभा में शनिवार सायं ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ की ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में भारत शौर्यझतिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा पी-ब्लॉक चौराहा (रानी लक्ष्मीबाई चौक), संजय नगर से प्रारंभ होकर , ग्रीन फील्ड स्कूल से, मिलन स्वीट चौराहे से होती हुई, रामलीला मैदान, हनुमान चौक संजय नगर में समाप्त हुई। इस राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत यात्रा में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख जनप्रतिनिधियों में विधायक श्री अजीत पाल त्यागी, भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल, पूर्व महापौर श्री आशु वर्मा, सांसद श्री अतुल गर्ग तथा पूर्व महापौर श्रीमती आशा शर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इसके अतिरिक्त यात्रा में भाजपा के मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, राहुल तोमर, राहुल गोयल, विपिन चौधरी, विनीत शर्मा, गजेंद्र सिंह, सहित भाजपा कार्यकताओं एवं आमजन का भारी उत्साह देखने को मिला।







**विधायक श्री अजीत पाल त्यागी ने कहाः** ऑपरेशन सिंदूर हमारी सेना की अद्वितीय वीरता और रणनीतिक सफलता का प्रतीक है। यह तिरंगा यात्रा राष्ट्र के वीर सपूतों को सम्मान देने और युवाओं में देशभक्ति की भावना को जागृत करने का प्रयास है। मुरादनगर की धरती को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि हम ऐसे अवसर के साक्षी बनें।₹

**महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल ने अपने संबोधन में कहाः** यह यात्रा केवल विजय का उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की पुनः स्मृति है। भाजपा सदैव ऐसे आयोजनों के माध्यम से जनजागरण करती रही है और करती रहेगी।₹

**पूर्व महापौर श्री आशु वर्मा ने कहाः** गाजियाबाद की जनता सदैव राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगी रही है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता भारत की बढ़ती वैश्विक शक्ति और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। यह यात्रा नई पीढ़ी को प्रेरित करने का माध्यम बनेगी।₹

**सांसद श्री अतुल गर्ग ने कहाः** यह तिरंगा यात्रा न केवल सैन्य पराक्रम का सम्मान है, बल्कि युवाओं में देश के प्रति गौरव और आत्मबल जागृत करने का संदेश भी है।

**पूर्व महापौर श्रीमती आशा शर्मा ने कहाः** भारत की बेटियां और बेटों ने जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर में शौर्य का प्रदर्शन किया, वह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। यह यात्रा उसी जज्बे को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास है। यात्रा का संयोजन अमित रंजन (यात्रा संयोजक) एवं मोनू त्यागी (यात्रा सह संयोजक) ने किया। प्रदीप चौधरी, सोनू भाटी, ने मीडिया समन्वय की जिम्मेदारी निभाई। यात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेता गण के साथ,मंडल पदाधिकारी, पार्षद गण तथा सभी कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में मातृशक्ति के साथ शामिल रहे। स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा से यात्रा का स्वागत किया। यह यात्रा स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं भाजपा कार्यकताओं के उत्साह के साथ संपन्न हुई और जनमानस के बीच राष्ट्रगौरव की भावना को और मजबूती प्रदान की।



## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को लेकर जागरूकता अभियान तेज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ₹मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान₹ को गाजियाबाद जनपद में सफलतापूर्वक लागू करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में श्री राजेश गुप्ता की पहल पर युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए जिले में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कैंप आयोजित किए जाएंगे। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, गाजियाबाद में आयोजित प्रेस वार्ता में उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान और राजेश गुप्ता ने योजना से संबंधित जानकारी साझा की। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि यह योजना मुख्यमंत्री की प्रमुख रोजगारपरक पहलों में शामिल है, जिसका अनुश्रवण जिला, मंडल और शासन स्तर पर निरंतर किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए गाजियाबाद को 2000 आवेदनों का लक्ष्य मिला है, जिसमें से 159 आवेदन बैंकों द्वारा स्वीकृत किए जा चुके हैं।

श्री पासवान ने बताया कि ग्राम पंचायत और ब्लॉक स्तर पर योजना का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, और ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी तेजी से कर बैंकों को भेजी जा रही है।

## नागरिक सुरक्षा की सेवाओं को लेकर समन्वयात्मक समीक्षा बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद में आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में एक समन्वयात्मक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक भारत सरकार के गृह मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश शासन के नागरिक सुरक्षा अनुभाग के निदेर्शों के अनुरूप सम्पन्न हुई, जिसमें नागरिक सुरक्षा सेवाओं को अर्धविधिक स्वरूप देने संबंधी दिशा-निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित किया गया। बैठक में नागरिक सुरक्षा की 12 आवश्यक सेवाओं – मुख्यालय, वार्डन, हताहत, संचार, प्रशिक्षण,



अग्निशमन, कल्याणकारी, आपूर्ति, बचाव, डिपो एवं परिवहन, साल्वेज तथा शव निस्तारण – के कमांडिंग अधिकारियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त, कानून-व्यवस्था, विद्युत, जल एवं सीवर व्यवस्था को चार अतिरिक्त आवश्यक सेवाओं के रूप में चिन्हित किया गया, जिनके लिए संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई। जिलाधिकारी मीणा ने निर्देश दिए कि जनपद में आपदा के समय उपयोगी संसाधनों की विभागवार सूची तैयार की जाए तथा उद्योगों में उपलब्ध संसाधनों का मूल्यांकन कर उन्हें आपदा प्रबंधन में सम्मिलित किया जाए। । बैठक में उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा रविन्द्र प्रताप ने सभी कमांडिंग अधिकारियों को उनके उत्तरदायित्वों की विस्तृत जानकारी दी तथा नागरिक सुरक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। सहायक उपनियंत्रक गुलाम नबी ने गाजियाबाद में नागरिक सुरक्षा की स्थापना, वार्डन सेवा की संरचना एवं कार्यप्रणाली पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव कुमार, अपर जिलाधिकारी सौरभ भट्ट, नगर मजिस्ट्रेट संतोष उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर आयुक्त की शहरवासियों से अपील: पार्किंग व्यवस्था सुधारें

वेलकम इंडिया


**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने गाजियाबाद के नागरिकों से सड़क पर सुगम यातायात, पार्किंग व्यवस्था सुधारने और जल संरक्षण को लेकर महत्वपूर्ण अपील की है। नगर निगम द्वारा मुख्य मार्गों और गलियों में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान इन मुद्दों पर जनता को सचेत करने की दिशा में एक अहम पहल है। नगर आयुक्त ने कहा कि गलियों और मुख्य मार्गों में अनियंत्रित वाहन पार्किंग से आवागमन बाधित होता है, जिससे न केवल ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न होती है बल्कि आपात स्थितियों में आवश्यक सेवाओं में भी दिक्कत आती है। उन्होंने नागरिकों से वाहन को सही ढंग से पार्क करने, घरों के प्रवेश और निकासी बिंदुओं को बाधित न करने की अपील की है। साथ ही, नगर आयुक्त ने जल संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि कार, बाइक और अन्य वाहनों की धुलाई में स्वच्छ पेयजल का उपयोग न करें।

इसके स्थान पर कम जल का उपयोग करते हुए वैकल्पिक उपाय अपनाएं। उन्होंने बताया कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से नगर निगम जल संचयन को लेकर सराहनीय कार्य कर रहा है।

## व्योम त्यागी ने हाईस्कूल में 90% से ज्यादा अंक लाकर किया स्कूल और माता पिता का नाम रोशन







CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
Secondary School Examination (Class X) 2025

Roll No: 21195186
Candidate Name: VYOM TYAGI
Mother's Name: SEEMA RANI
Father's Name: VIVEK TYAGI
Date of Birth: 19/05/2009
School's Name: PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA KAMLA NEHRU NGR GHAZI

| SUB CODE | SUB NAME | THEORY | I.A / PRACTICAL | TOTAL | POSITIONAL GRADE |
|---|---|---|---|---|---|
| 101 | ENGLISH (COMMUNICATIVE) | 074 | 020 | 094 | A1 |
| 002 | HINDI COURSE-A | 075 | 020 | 095 | A1 |
| 041 | MATHEMATICS STANDARD | 054 | 020 | 074 | B1 |
| 086 | SCIENCE | 074 | 020 | 094 | A1 |
| 087 | SOCIAL SCIENCE | 071 | 020 | 091 | A2 |
| ADDITIONAL SUBJECT | | | | | |
| 417 | ARTIFICIAL INTELLIGENCE | 048 | 050 | 098 | A2 |
| Result : PASS | | | | | |

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** देश के प्रत्येक बच्चे के सस्ती और सुलभ शिक्षा के सपने को साकार करने के लिए दृढ़संकल्पित गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी के पुत्र व्योम त्यागी ने जो कि केंद्रीय विद्यालय कमला नेहरू नगर के छात्र हैं ने हाईस्कूल में 90% से ज्यादा अंक लाकर जहां स्कूल का नाम रोशन किया है वहीं माता पिता का भी मस्तक गर्व से ऊंचा किया है यहां आपको बताना जरूरी है व्योम त्यागी वो प्रतिभाशाली बच्चा है जो पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी अव्वल है जो माता पिता सोचते है कि बच्चे खेल और पढ़ाई दोनों में अच्छा परिणाम नहीं ला सकते व्योम त्यागी ने ऐसे अभिभावकों के लिए खेल और पढ़ाई दोनों में ही शीर्ष पर रहकर एक नायब उदाहरण पेश किया है ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट सेकंड डेन 15 वर्षीय व्योम त्यागी देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित प्रतियोगिताओं में 52 से ज्यादा पदक हासिल कर चुके है अभी हाल ही में व्योम ने केवी रीजनल में लगातार तीसरे साल स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल के लिए अपना टिकट पक्का किया है हाईस्कूल में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने पर व्योम के माता पिता ने खुशी जाहिर करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षकों का धन्यवाद किया है और उम्मीद जताई है कि आगे भी वो खेल और पढ़ाई दोनों में अपने देश और प्रदेश का नाम रोशन करेगा।

## हनुमान जी हैं भारतीय सैनिको के वास्तविक आदर्श : वरुण शर्मा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबादः** शनिवार शाम को पूरी कौशांबी में गूंजे जय श्री राम, भारत माता की जय और भारतीय सेना की जय जयकार के जयकारे। भारतीय सेना ने जो अद्भुत शौर्य और पराक्रम दिखा कर पाकिस्तान के दाँत खट्टे करे हैं उसका धन्यवाद करते हुए, भारतीय सेना के प्रति अपना विश्वास जताते हुए और सेना के जवानो की दीघार्यु की प्रार्थना करते हुए श्री केसरी नंदन सेवा समिति द्वारा संगीतमय सुंदरकांड के पाठ का भव्य आयोजन प्राचीन सनातन धर्म मन्दिर,कौशांबी में किया गया। इस अवसर पर सभी कौशांबी वासियों ने उत्साह दिखाया और पाठ में जोरशोर से हिस्सा लिया। क्षेत्र के निवासी और प्रसिद्ध समाजसेवी वरुण शर्मा ने बताया की किस तरह केसरी नंदन हनुमान जी जो हर भारतीय सैनिक के आदर्श हैं उनकी आराधना कर क्षेत्रवासियों ने अपने देश,अपने



सैनिको और सनातन धर्म की अजेय शक्ति के लिए प्रार्थना की। भाग लेने वाले स्थानीय कौशांबी निवासी अति उत्साहित थे और सभी ने इस आयोजन को खूब सराहा। इस अवसर पर भजन मंडली की और से राजेंद्र, आशु और मनोज ने बेहद सुंदर, संगीतमय और भक्तिमय पाठ किया और सबको भाव विभोर किया। इस अवसर पर आयोजक समिति और कौशांबी निवासी कमल ओबेरॉय, शिव भारद्वाज, डॉ आचार्य कृति शर्मा, सुनीता परवाल, ओंकार शर्मा, दीपक अग्रवाल, उमा शंकर शर्मा, प्रवीण गर्ग, आर पी भारद्वाज जी और वीरेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर रमणीक और मुदित दीक्षित ने भी अपने भजनों से सबका मन मोह लिया। बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों सहित मिनी गुप्ता, प्रीति सिंघल, अलका सहगल, रजनी गोयल, संतोष सिंह, मंजु शर्मा, दीप्ति सिन्हा, मंजु जैन, आरती शर्मा, उर्मिल अरोड़ा, मंजु यादव, डॉली मल्होत्रा, ऋतु, हिमांशु गौर, अशोक परवाल, रवि पटेल, नर्वेश,सत्यम, दीपक, शिवानी, नेहा सेल्ही, संगीता श्रीवास्तव पंकज खेड़ा, प्रतिभा त्यागी ने इस पावन कार्य में भाग लिया और आयोजक समिति को ढेरों शुभकामनाएं दी।